■ वर्ष-24 ■ अंक-42
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल
■ रविवार ■ 13 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

दैनिक
# समय जगत


भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से की भेंट



### मध्यप्रदेश में वस्त्र एवं टेक्सटाइल क्षेत्र के विस्तार और निवेश संभावनाओं पर हुई सार्थक चर्चा

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह से भेंट की। इस दौरान मध्यप्रदेश में वस्त्र एवं टेक्सटाइल क्षेत्र के विस्तार, निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में वस्त्र उद्योग के लिए उपलब्ध संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों से केंद्रीय वस्त्र मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने प्रदेश में टेक्सटाइल सेक्टर को और अधिक गति प्रदान करने तथा इस क्षेत्र में नए निवेश आकर्षित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव, मध्यप्रदेश सरकार के आवासीय आयुक्त रश्मि अरुण शमी तथा केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ. यादव ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री मांडविया से की सौजन्य भेंट

### मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विषयों पर हुई सार्थक चर्चा



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की। इस अवसरपर मध्यप्रदेश के विकास, रोजगार सृजन, युवाओं के कौशल विकास तथा प्रदेश में रोजगार के नए अवसरों के विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही प्रदेश के युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सहयोग से रोजगार एवं कौशल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया के बीच युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों के विस्तार, कौशल विकास को बढ़ावा देने तथा केंद्र और राज्य के समन्वय से रोजगारपरक गतिविधियों को गति देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 13 सितंबर को आगर मालवा से अंतरित करेंगे लाड़ली बहना योजना की 40वीं किस्त

### प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में पहुंचेंगे 1,835 करोड़ रुपये

- अब तक 65,395 करोड़ से अधिक का अंतरण
- मुख्यमंत्री 225.95 करोड़ के 33 कार्यों का भूमि-पूजन, 28.14 करोड़ के 17 कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 13 सितंबर को आगर मालवा से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की सितंबर माह की 40वीं किस्त का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 10 हजार 150 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 09 लाख 22 हजार 450 रुपये की मासिक आर्थिक सहायता सीधे अंतरित की जाएगी। सितंबर की किस्त के साथ ही योजना के प्रारंभ से अब तक महिलाओं को नियमित मासिक सहायता के रूप में अंतरित राशि 65,395.99 करोड़ रुपये हो जाएगी।

#### 1,000 रुपये से शुरू हुई सहायता अब 1,500 रुपये प्रतिमाह

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत जून 2023 में हुई थी। उस समय पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती थी। अक्टूबर 2023 से इसमें 250 रुपये की वृद्धि कर सहायता राशि 1,250 रुपये प्रतिमाह की गई। नवंबर 2025 से एक बार फिर 250 रुपये की वृद्धि के बाद पात्र महिला हितग्राहियों को वर्तमान में 1,500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

योजना में ऐसी पात्र लाभार्थी महिलाओं को भी प्रावधान के अनुसार लाभ दिया जा रहा है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से प्रतिमाह 900 रुपये प्राप्त हो रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत उन्हें अंतर की राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

जून 2023 से अगस्त 2026 तक लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 39 नियमित मासिक किस्तों का भुगतान किया जा चुका है। अब सितंबर में 40वीं किस्त अंतरित की जाएगी। इसके अतिरिक्त रक्षाबंधन के अवसर पर अगस्त 2023, अगस्त 2024, अगस्त 2025 और अगस्त 2026 में लाभार्थी महिलाओं को 250 रुपये की विशेष आर्थिक सहायता भी दी गई है।

#### महिलाओं तक पहुंची 65 हजार करोड़ से अधिक की राशि

लाड़ली बहना योजना के माध्यम से जून 2023 से अगस्त 2026 तक 63,560.90 करोड़ रुपये की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सितंबर 2026 तक योजना के अंतर्गत 11,300 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है।वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 23,882.81 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसके अलावा आगर मालवा में 225 करोड़ रुपये से अधिक के कुल 33 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 28 करोड़ से अधिक के17 कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे।

## एक साल में दर्जनों शेर-शेरनी और शावकों की बीमारी से हुई मौत

**गांधीनगर।** एक साल में गुजरात में कुल 62 शेरों, शेरनियों और उनके शावकों की अलग-अलग बीमारियों से मौत हो गई। सरकार ने इनमें संक्रमण को रोकने और समय पर इलाज देने के लिए कई कदम उठाए हैं। वन और पर्यावरण मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने शुक्रवार को गुजरात विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस विधायक शैलेश परमार के एक सवाल का जवाब देते हुए यह आंकड़े साझा किए। मंत्री ने अपने लिखित जवाब में बताया कि एक साल में हुई 62 मौतों में 17 शेर, 17 शेरनियां और 28 शावक शामिल थे। इनकी मौत सेप्टिसीमिया, निमोनिया और हेमोरेजिक निमोनिया, एनीमिया, हेपेटो-रीनल डिसफंक्शन या किडनी फेलियर, मल्टी-आर्गन डिसफंक्शन या फेलियर, मायोकार्डियल इन्फार्क्शन और लकवा जैसी बीमारियों के कारण हुई। अन्य कारणों में गठिया, गैस्ट्रोएंटेराइटिस, राउंडवार्म का संक्रमण, एन्सेफलाइटिस, सेंट्रल नर्वस सिस्टम की खराबी, एसाइटिस, ब्रोंको-निमोनिया, गंभीर बीमारी और सेप्टिक शाक वगैरह शामिल थे।


## सड़क हादसे में 5 लोगों की हुई मौत




**गुवाहाटी।** असम के सोनितपुर जिले में हुए एक्सीडेंट में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को असम के सोनितपुर जिले में कार और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह हादसा रंगापारा पुलिस स्टेशन इलाके के बालीपारा में एक पेट्रोल पंप के पास हुआ। उन्होंने बताया कि कार की टक्कर सामने से आ रहे कमर्शियल वाहन (ट्रक) से हो गई। उन्होंने कहा, इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी लोग कार में सवार थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान हर गोबिंदा हजोअरी, नयन स्वर्गियारी, पप्पू बोरा, प्रांजल बनिया और संजय मेच के तौर पर हुई है। ये सभी जिले के घोरामारी बाटाबारी इलाके के रहने वाले थे। उन्होंने आगे बताया कि हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से भाग गया।

## मणिपुर दौरे पर पहुंचे अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

**इंफाल।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर इन दिनों दो दिवसीय दौरे पर मणिपुर में हैं। ऐसे में आज यानी शनिवार को गोर ने राज्य के बिष्णुपुर जिले में स्थित पूर्वोत्तर की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील लोकतक झील का दौरा किया और वहां बोट राइड का आनंद लिया। इस दौरान उनके साथ कोलकाता में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास की महावाणिज्य दूतावास कैथी जाइल्स-डिएज भी मौजूद थीं। बता दें कि इससे पहले मणिपुर की राजधानी इंफाल पहुंचने पर अमेरिकी राजदूत ने शुक्रवार शाम को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह से अलग-अलग मुलाकात की। राज्यपाल के साथ बैठक में उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री के साथ हुई मुलाकात को लेकर सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मणिपुर के विकास और भविष्य के विजन पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्तों को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने उन्हें आगामी मणिपुर संगई महोत्सव में शामिल होने का विशेष निमंत्रण भी दिया है।





राष्ट्रीय दैनिक
समय जगत
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक भोपाल एवं दिल्ली से एक साथ प्रकाशित एवं समस्त राज्यों में प्रसारित

पी.एन. द्विवेदी
प्रबंध संपादक
पूर्व अपर संचालक, जनसम्पर्क (अ.प्रा.), पूर्व प्रेस अधिकारी, राजभवन

अशोक त्रिपाठी
प्रधान संपादक एवं प्रबंध संचालक
समय-जगत मी.प्रा.लि.

क्रमांक .................... दिनांक : ..........................

'गर्व से कहो हम अभियंता हैं देश के निर्माण नियंता हैं'
सृजन-शिल्पी

प्रतिष्ठा में
सम्माननीय अभियंता बंधु,
अभियंता गरिमा अभियान की कोटिश: मंगलकामनाएं

**गर्व से कहें हम भारत रत्न इं. विश्वेश्वरैया के अनुगामी अभियंता हैं, भारत निर्माण नियंता हैं।**

इस भाव और भावना के साथ हमारे द्वारा अपने संपूर्ण कार्यकाल में किये गए श्रेष्ठतम गुणात्मक प्रेरणादायी- अनुकरणीय कार्यों/ नवाचारों को समग्र लोकहित में प्रकाशित और प्रसारित करना आपकी और हमारी अपने हिस्से की ईमानदारी है। इसमें सहभागी है आपका अपना **समय जगत समूह**, जो विगत 18 **वर्षों से देश- प्रदेश में हजारों संवाददाताओं, करोड़ों व्यूअर्स, लाखों सब्सक्राइबर्स एवं पाठकों** के माध्यम से निरंतर विश्व प्रतिष्ठित **विश्वेश्वरैया** जी के व्यक्तित्व और कृतित्व के अविस्मरणीय पक्षों को क्रमवद्ध संपादकीय और आलेखों के साथ प्रकाशित और प्रसारित कर रहा है। **एक संदेश- पूरा देश** के लक्ष्य संकल्पित, मूल्य आधारित पत्रकारिता के प्रमाणिक मापदंडों की यह यात्रा सभी अभियंता वंधुओं के सात्विक- सकारात्मक सहयोग से ही संभव हो पाई है। आपसे विनम्र अपेक्षा है कि आपकी **जन्मतिथि, विवाह तिथि एवं सेवा प्रारंभ तिथि** जैसे सुप्रसंग के अवसरों पर आपके व्यक्तित्व- कृतित्व के विवरणों के संक्षिप्त उल्लेख के साथ आपके उत्कृष्ट करणीय कार्यों का समग्र लोकहित में व्यापक प्रदर्शन अभियंता गरिमा अभियान की दृष्टि से सार्थक कदम होगा। आपके महत्वपूर्ण सुझाव भी हमारे अभियान के पथ प्रदर्शक व लक्ष्य साधक होंगे। साथ ही **विश्वेश्वरैया जी** या अन्य योग्य, दक्ष अभियंता वंधु संदर्भित स्मरण या संस्मरण भी स्वागतयोग्य हैं। समूह के द्वारा देश- प्रदेश के सभी सरकारी या निजी क्षेत्र के कनिष्ठ से वरिष्ठ सभी अभियंता वंधुओं की व्यक्तिगत/ संस्थागत सहभागिता का अनथक प्रयास निरंतर किया जा रहा है। यह सब भी सभी के सहयोग से ही संभव है। क्यों कि हमारा यह मानना है कि अभियंता दिवस से ज्यादा महत्वपूर्ण है **हर दिवस में हो अभियंता।** इसी लक्ष्य के साथ प्रत्येक दिवस में समूह के प्रत्येक केन्द्र द्वारा क्रमश: योग्य और दक्ष अभियंताओं को **विश्वेश्वरैया जी** का स्मृति चिन्ह, मास्क, गौ आधारित प्राकृतिक कृषि से उत्पादित रसायनमुक्त गुड़, काढ़ा चूर्ण भेंट करने की योजना है। साथ ही **प्रकृति संरक्षण का एक मात्र आधार- पौधरोपण का नवाचार** के लक्ष्य को लेकर प्रत्येक वर्ष, रक्षावंधन (वृक्षावंधन) से लेकर वर्ष प्रतिपदा तक नित्य ही दक्ष- योग्य अभियंताओं द्वारा उनके निवास/ कार्यालय या सार्वजनिक परिसर में पौधरोपण का आग्रह कर अभियंता गरिमा अभियान को प्रतिष्ठित और प्रमाणिक वनाने की योजना है। यह सव लोकमंगल के पवित्र- पुण्यदायी नवाचार श्रद्धा, स्वप्रेरणा, प्रभाव अथवा दवाव से फलीभूत होंगे। क्यों कि हम अभियंता वंधु राजनेताओं के प्रभाव और व्यूरोक्रेट्स के दवाव में भी काम करने के आदी हो चुके हैं। इसका भी अंतर्मन की गहराई से विचार करना हमारे लिये महत्वपूर्ण है। यही विश्व प्रतिष्ठित अभियंता शिरोमणि **इं. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी** के प्रति हमारा श्रेष्ठतम- सार्थक समर्पण होगा।

स्मरण रहे कि इंजीनियर श्री **विश्वेश्वरैया जी** के अद्भुत व्यक्तित्व, उत्कृष्ट- गुणात्मक कार्य दक्षता तथा विलक्षण प्रशासनिक क्षमता के साथ किये जाने वाले समग्र जनहितकारी लोकमंगल के विचारों के कारण ही **भारत रत्न** प्रदाय किया गया था। जो उस कालखंड में किसी राजनेता, व्यूरोक्रेट के लिये दूर- दूर तक दुर्लभ था। उसी प्रतिष्ठा के कारण दशकों तक अभियंता वर्ग की समाज में एक उत्कृष्ट प्रमाणिकता वनी रही है, जिसका अव शनै- शनै क्षरण होता जा रहा है। उसके पुनर्स्थापन के लिये **करो गंभीरता से विचार- करते रहो सदैव लोकमंगल के नवाचार।**

कृपया अपेक्षित जानकारियों के साथ उल्लेखित तिथियों से अवगत कराने का विनम्र आग्रह पुन: निवेदित है। **इंजीनियर विश्वेश्वरैया** जी संदर्भित पूर्व प्रकाशित सामग्री एवं संपादकीय श्रंखला के अवलोकन के लिये समय जगत के **ई-पेपर, वेबसाइट, वेब चैनल खवर समय जगत** का अवलोकन उपयुक्त और उपयोगी होगा।

**सकारात्मक प्रतिसाद की प्रत्याशा में**

इं. अशोक त्रिपाठी

मुख्यालय : गोयल निकेत, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल (म.प्र.)
☎ : 0755-4273868, 4700406, 4700407, 4700408, 9893284868
दिल्ली कार्यालय : एस-557, हीरा कॉम्प्लेक्स, 203, द्वितीय तल, मुख्य मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-91
ई-मेल : dainiksamayjagat@gmail.com वेबसाइट : www.dainiksamayjagat.com

## ज्ञानपथ कॉन्वेंट स्कूल में इको-फ्रेंडली गणेश चतुर्थी की अनूठी पहल

# बच्चों ने स्वयं गढ़े माटी के गणेश, विसर्जन के बाद रोपेंगे पौधे

**ओमप्रकाश राठौर**

**समय जगत , बोड़ा।** पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के अनूठे संगम का उदाहरण पेश करते हुए, बैरसिया छोटा स्थित ज्ञानपथ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आगामी गणेश चतुर्थी के लिए एक विशेष और प्रेरणादायक पहल की है। विनायक चतुर्थी के पावन अवसर के पूर्व, स्कूल के बच्चों ने अपने हाथों से मिट्टी के बेहद आकर्षक गणेश जी बनाए हैं और उन्हें स्वयं ही रंगा है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्कूल प्रांगण में बच्चों द्वारा गढ़ी गई इन मनमोहक प्रतिमाओं की ही पूरे विधि-विधान से स्थापना की जाएगी। इस रचनात्मक आयोजन में स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर और पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस सफल आयोजन के पीछे स्कूल के गतिविधि विभाग की प्रभारी प्राची सिसोदिया और संगीता जाटव का अहम योगदान रहा। दोनों प्रभारियों ने बच्चों को अपनी कला का



प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें इको-फ्रेंडली प्रतिमाएं बनाने का बेहतरीन मार्गदर्शन दिया, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों ने बेहद आकर्षक आकृतियां उकेरीं। स्कूल के प्राचार्य बी.एम. भंडारी ने गतिविधि विभाग के इस प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता और उनकी मेहनत की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को मिट्टी के गणेश जी के आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व के बारे में बताया। उपप्राचार्य राहुल विश्वकर्मा, मनोज भंडारी एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों से यह भी आव्हान किया कि वे अपने-अपने घरों में भी इसी प्रकार अपने हाथों से बनाए गए मिट्टी के इको-फ्रेंडली गणेश जी की ही स्थापना करें, ताकि प्रकृति को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। इस पूरे आयोजन की सबसे खास बात इसकी विसर्जन प्रक्रिया है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन नदियों या तालाबों में न करके, गमलों में किया जाएगा। स्कूल संस्था में एक बड़े गमले में प्रतिमा का विसर्जन कर उसमें एक पौधा रोपा जाएगा। इसी तरह, बच्चों को भी यह संकल्प दिलाया गया है कि वे घर पर स्थापित किए गए गणेश जी का विसर्जन भी गमलों में ही करेंगे और उसमें एक नया पौधा लगाएंगे। ज्ञानपथ कॉन्वेंट स्कूल की यह पहल समाज के लिए एक बड़ा संदेश है, जो यह सिखाती है कि उत्सवों के दौरान हम अपनी आस्था और प्रकृति दोनों का संरक्षण एक साथ कैसे कर सकते हैं।

# अवैध शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

### बिना नंबर की टीवीएस जुपिटर से कर रहा था शराब की सप्लाई, 1.32 लाख की शराब जब्त



**समय जगत, औवेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 7 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कुल 63 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 32 हजार रुपए बताई गई है। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक आयुक्त आबकारी डॉ. शादाब अहमद सिद्दिकी के निर्देशन में आबकारी वृत्त औबेदुल्लागंज प्रभारी गौरव भद्रसेन के नेतृत्व में टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 10 सितंबर की रात आबकारी टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर ग्राम महुआखेड़ा-कुमड़ी जोड़ मार्ग से गुजर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपी वीरेंद्र सिंह उर्फ वीर, विररी (31), निवासी पाल मोहल्ला, मंडीदीप को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 250 पाव प्लेन शराब और 100 पाव गोवा व्हिस्की सहित कुल 7 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी शराब की सप्लाई बिना नंबर की टीवीएस जुपिटर से कर रहा था, जिसे भी कार्रवाई में शामिल किया गया। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। बताया गया है कि आरोपी के संबंध में पिछले कई महीनों से आबकारी विभाग को अवैध शराब की बिक्री एवं सप्लाई की शिकायतें मिल रही थीं। आरोप है कि वह मंडीदीप क्षेत्र में घर-घर शराब की सप्लाई करता था। मुखबिर सूचना मिलने के बाद आबकारी टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। सहायक आयुक्त आबकारी डॉ. शादाब अहमद सिद्दिकी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के विद्यार्थी



**मंडला, समय जगत।** जिला न्यायालय मंडला में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के कला संकाय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह में शामिल होने और न्यायिक प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर मिला। मंडला में पहली बार स्कूल विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस गतिविधि की थीम न्याय को समझना, संवाद को अपनाना और जिम्मेदार नागरिक बनना रही। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लोक अदालत की कार्यप्रणाली को समझा। साथ ही वास्तविक जीवन में कानूनी एवं नागरिक संस्थाओं की भूमिका की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को न्याय व्यवस्था से परिचित कराने के साथ ही आपसी संवाद, सहयोग और समझौते के माध्यम से विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का महत्व समझाना रहा। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। शैक्षणिक भ्रमण के सफल आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडला के सचिव तपन धारगा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके सहयोग से विद्यार्थियों को न्यायिक संस्थाओं को करीब से जानने और समझने का सार्थक अवसर मिला। भ्रमण में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के निर्देशक निशांत शुक्ला, शिक्षिका अर्चना पाठक, वंशिका श्रीवास्तव एवं शिखा पमनानी का सराहनीय सहयोग रहा।

### सेवा भारती द्वारा सुपोषण जागरुकता अभियान किया गया संचालित



**समय जगत, मंडीदीप।** छात्र छात्राओं के बीच सुपोषण जागरूकता हेतु प्रश्नावली एवं संवाद कार्यक्रम इंडियन पब्लिक स्कूल विमान चौक मैं आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से मुख्य वक्ता के रूप में सेवा भारती मध्य भारत प्रांत की स्वास्थ्य आयाम सह प्रमुख श्रीमती प्रियंका सिंह उपस्थित हुई। जिन्होंने छात्र छात्राओं के बीच में सुपोषण भारत समर्थ भारत की राष्ट्र की आवश्यकता एवं स्वस्थ जीवन शैली एवं खान पान एवं उसका सनातन एवं वैज्ञानिक कारण पर प्रकाश डाला। जिसमें छात्रों ने बढ़ चढकर उत्सुकता से सुपोषण पर श्रीमती प्रियंका सिंह से संवाद किया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के कोषाध्यक्ष एवं भाजपा रायसेन जिला महामंत्री दीपेन्द्र पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। संवाद कार्यक्रम के पूर्व, छात्र छात्राओं द्वारा प्रश्नावली का जवाब दिया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को जिला समिति द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं कुल चयनित 4 छात्रों को सही एवं उत्तीर्ण उत्तर देने पर प्रांत सह स्वास्थ्य आयाम प्रमुख एवं समिति द्वारा पल्स ऑक्सीमीटर का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं मुख्य वक्ता का स्वागत कार्यक्रम प्रभारी एवं सेवा भारती भोजपुर स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉक्टर साधना नागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सेवा भारती जिला भोजपुर के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव प्रांत संयोजक युवा आयाम एवं सचिव संकल्प दीक्षित उपाध्यक्ष दिनेश नागर अभय तोमर सह सचिव दीनू मीना कोषाध्यक्ष कपिल पाठक महिला आयाम से डॉ अल्का उमक, स्कूल प्राचार्य सीमा पाठक एवं स्कूल की शिक्षिकाएं एवं नगर से दारा पाल उपस्थित हुए, कार्यक्रम का आभार श्रीमती डॉ साधना नागर द्वारा दिया गया।

## अंबेडकर चौराहा-धाकड़ गार्डन सड़क बनी लोगों की मुसीबत

# दो महीने में ही उखड़ने लगी सड़क , बारिश में कीचड़ तो मौसम साफ होते ही उड़ती है धूल

**समय जगत ,औवेदुल्लागंज।** अंबेडकर चौराहा से धाकड़ गार्डन तक करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई सड़क अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क की हालत खराब होने से इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। बारिश में सड़क पर पानी और कीचड़ जमा हो जाता है, जबकि मौसम साफ होते ही वाहनों की आवाजाही से धूल के गुबार उड़ते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस सड़क के निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए, वह दो महीने भी ठीक से नहीं टिक पाई। जगह-जगह सड़क की सतह खराब होने लगी है। नागरिकों ने सड़क निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। नागरिकों ने सड़क निर्माण में नगर परिषद के जिम्मेदार इंजीनियर और ठेकेदार की



भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया गया था, तो इतनी कम अवधि में सड़क की स्थिति खराब होने का कारण सामने आना चाहिए। कुछ नागरिकों ने निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष तकनीकी जांच की मांग की है। उनका कहना है कि जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सड़क निर्माण में कहीं लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता तो नहीं किया गया। वीर सावरकर कॉलेज के सामने बड़ा गड्ढा, सड़क पर रखे पत्थर बने खतरा इसी सड़क मार्ग पर वीर सावरकर कॉलेज के सामने बीच सड़क में बड़ा गड्ढा भी हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार गड्ढे के आसपास रहने वाले कुछ लोगों द्वारा सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर रख दिए गए हैं। इससे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी हो रही है और कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क के बीच गड्ढा होने के साथ ही उस पर पत्थर रखे जाने से रात के समय स्थिति और खतरनाक हो जाती है। नगर परिषद को तत्काल गड्ढे की मरम्मत कराने और सड़क पर रखे पत्थरों को हटवाकर यातायात सुरक्षित कराने की जरूरत है।

नगर परिषद के कामकाज को लेकर भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं में भी नाराजगी की चर्चा सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ नेताओं ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर नगर परिषद में कथित भ्रष्टाचार को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि परिषद के मौजूदा कार्यकाल में जिस तरह से भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं, ऐसी स्थिति पहले कभी देखने को नहीं मिली।

## तेजाजी व कालिका माता नवरात्रि मेला आयोजन की महापौर परिषद ने दी स्वीकृति

**रतलाम, समय जगत ।** महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में आगामी श्री सत्यवीर तेजाजी मेला व श्री कालिका माता नवरात्री मेला आयोजन के साथ ही जनहितैषी प्रस्तावों को महापौर परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। आयोजित महापौर परिषद की बैठक में 19 से 21 सितम्बर तक तीन दिवसीय श्री सत्यवीर तेजाजी मेला व 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किये जाने वाले दस दिवसीय श्री कालिका माता नवरात्री मेले में प्रतिदिन रात्रि में नागरिकों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु निगम के सांस्कृतिक मंच पर उच्च स्तरीय गरीमामयी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाये जाने तथा मेले की अन्य विभिन्न व्यवस्थाऐं करवाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा नगर पालिक निगम रतलाम में विद्युत व्यय कम करने हेतु राज्य शासन द्वारा कैप्टिव सौर ऊर्जा परियोजना (मध्यप्रदेश अर्बन कैप्टिव सोलर प्रोजेक्ट) के तहत कैप्टिव सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किये जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई। निकाय में कुल 7 एच.टी कनेक्शन स्थापित है जिनका कुल वार्षिक विद्युत खपत 1,83,11,862 यूनिट है जो कि प्रतिमाह 15,25,988 यूनिट होत है तथा एल.टी कनेक्शनों का कुल वार्षिक विद्युत खपत 27,32,209 यूनिट है जो कि प्रतिमाह 2,27,684 यूनिट होता है। उक्त समस्त विद्युत कनेक्शनों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा स्थापित कैप्टिव सोलर प्रोजेक्ट को स्वीकृति प्रदान की। प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अंतर्गत डीपीआर-3 बंजली निर्मित एलआईजी फ्लेट का प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर 3 एलआईजी फ्लेट का अस्थाई आवंटन किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के अंतर्गत ''अफोंडेबल हाउस इन पार्टनरशिप (एएचपी) घटक'' में डोसीगांव के ईडब्ल्यूएस फ्लेट के तहत माननीय उच्च न्यायालय के स्टे आर्डर अवधि तक आवंटन निरस्त नहीं करने की स्वीकृति प्रदान की गई तथा इस अवधि में शेष 127 हितग्राहियों से राशि जमा कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

# तीन वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी फिर हुए एक साथ

## नेशनल लोक अदालत में राजीनामे से सुलझा विवाद

**समय जगत, सारंगपुर।** सारंगपुर न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में एक पारिवारिक विवाद का सुखद एवं सराहनीय समाधान देखने को मिला। लगभग 3 वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी, जिनके दो बच्चे भी हैं, ने आपसी मतभेद भुलाकर अपने वैवाहिक जीवन को एक और मौका देने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार, पति द्वारा हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 (क) के अंतर्गत विवाह विच्छेद के लिए प्रकरण माननीय अपर जिला न्यायाधीश श्री तरुण सिंह , सारंगपुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था जिसमें माननीय न्यायाधीश महोदय तरुण सिंह जी ने दोनों पति पत्नी को समझाइए देते हुए दोनों को पुनः साथ रहने की सलाह दी जिसको मानते हुए



दोनों पति पत्नी एक साथ रहने को तैयार हुए नेशनल लोक अदालत के दौरान दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पति की ओर से अधिवक्ता बी. एस. पुष्पद तथा पत्नी की ओर से अधिवक्ता श्री शादाब खान ने दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए आपसी विवाद समाप्त कर परिवार को पुनः जोड़ने का प्रयास किया। दोनों पक्षों को उनके अधिवक्ताओं ने अपने दो बच्चों के भविष्य और परिवार की खुशहाली को ध्यान में रखते हुए आपसी सहमति से राजीनामा कर लिया। राजीनामे के बाद न्यायालय के समक्ष दोनों ने साथ रहने की सहमति व्यक्त की और तीन वर्षो से चली आ रही दूरी समाप्त करते हुए पति-पत्नी पुनः साथ अपने घर रवाना हुए। यह मामला इस बात की मिसाल है कि कई बार न्याय केवल फैसला सुनाने से नहीं, बल्कि टूटते हुए परिवार को जोड़ने से भी मिलता है। नेशनल लोक अदालत में हुआ यह राजीनामा न सिर्फ पति-पत्नी के लिए, बल्कि उनके दो बच्चों के भविष्य के लिए भी एक नई शुरुआत है।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**समय जगत, खिरकिया।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा खिरकिया में शनिवार 12 सितंबर को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा, हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अलसुबह 4.30 बजे समूह साध संगत की उपस्थिति में फूलों की वर्षा करते हुए गुरु साहिब का प्रकाश किया गया। प्रकाश पर्व के उपरांत समूची संगत द्वारा नितनेम साहिब की पांच वाणियों का पाठ किया गया। इसके साथ ही सुखमनी साहिब जी का पाठ भी श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में साध संगत ने सहभागिता की।सुबह करीब 10.30 बजे विगत 15 दिनों से इस पावन पर्व के निमित्त चल रहे श्री सहज पाठ साहिब जी की समाप्ति हुई। इसके बाद ज्ञानी मोहकम सिंह द्वारा शबद



कीर्तन किया गया। इस दौरान वाणी गुरु, गुरु है वाणी, विच वाणी अमृत सारे÷ तथा सब सिखन को हुकम है, गुरु मान्यो ग्रंथ जैसे पावन शबदों का उच्चारण किया गया, जिससे पूरा गुरुद्वारा परिसर गुरबाणी से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में समूची मानव जाति के सुखमय, स्वस्थ एवं निरोगी जीवन की कामना करते हुए अरदास की गई। इसके पश्चात गुरु के लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें साध संगत ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

**1604 में हुआ था आदि ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश:** गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार हरभजन सिंह भाटिया भज्जू वीरजी ने बताया कि आज ही के दिन वर्ष 1604 में श्री हरमंदर साहिब, अमृतसर में आदि ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश हुआ था। उस समय प्रथम हेड ग्रंथी के रूप में बाबा बुड्ढा जी ने पहला पावन हुकमनामा पढ़ा था। इसी ऐतिहासिक परंपरा की स्मृति में विश्वभर का सिख समाज श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पर्व को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाता है प्रकाश पर्व के दौरान गुरुद्वारा परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा और संगत ने गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा एवं आस्था व्यक्त की।

## पेड़ो के लिए शहीद हुई मां अमृता देवी विश्नोई की मूर्ति लगाकर चौराहे का किया नामकरण

# पर्यावरण की देवी थीं अमृता देवी : पटेल

**समय जगत, खिरकिया ।** जिले के खिरकिया शहर मे छीपावड-खिरकिया के बिच अग्रवाल पेट्रोल पम्प के पास स्तिथ चौराहे का माँ अमृता देवी बिश्नोई चौराहा का नामकरण किया गया बिश्नोई समाज की आराध्य देवी व सन 1730 मे राजस्थान के जोधपुर जिले मे स्तिथ खेजड़ली ग्राम मे राजा के महल के लिए ईमारती लकड़ी के. लिए राजा की सेना ने ज़ब खेजड़ी के पेड़ो को काटना शुरू किया तब ग्राम की बिश्नोई समाज की महिला माँ अमृता देवी ने उनकी बच्चियों व महिला पुरुष 363 लोगो के साथ खेजड़ी के पेड़ से लिपटकर पेड़ो को



बचाने के लिए अपने प्राण दे दिए पेड़ो की रक्षार्थ इतने लोगो के प्राण न्योछावर करने वाले इस महा आंदोलन की नेतृत्व कर्ता माँ अमृता देवी बिश्नोई की मूर्ति का अनावरण व चौराहे का नामकरण किया गया जिसमे खिरकिया व हरदा के बिश्नोई समाजजनों के आलावा 36 कोम के लोगो ने इकठ्ठा हुए इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री कमल पटेल ने उपस्थित होकर मूर्ति का अनावरण किया व अपने भाषण मे पूर्व मंत्री पटेल ने माँ अमृता देवी बिश्नोई के बलिदान को याद करते हुए प्रथम पर्यावरण के लिए हुए आंदोलन की महिमा को सराहा और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प दिलाया अपने भाषण मे पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा जाट बिश्नोई एक ही है इनकी लगभग सभी गौत्र मिलती है जिन्होंने 29 नियम का पालन करने व जम्भेश्वर भगवान को गुरु माना वो बिश्नोई पंथ के अनुयायी हो गए हमारे पुरखे राजस्थान से पलायन करके मध्यप्रदेश मे आए।

# पांच असामाजिक तत्वों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत किया गया गिरफ्तार

**समय जगत, गंजबासौदा।** पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी द्वारा जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गंजबासौदा श्रीमती शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गंजबासौदा शहर निरीक्षक संजय वेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमण एवं निगरानी की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कुछ व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पाए गए। पूछताछ एवं मौके की परिस्थितियों को देखते हुए क्षेत्र की शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के मद्देनजर मोनू उर्फ टीकाराम कुशवाह,




विकास उर्फ मोटू, साहिल रघुवंशी, आकाश अहिरवार और नीलेश पंथी को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# 1 लाख 26 हजार 400 रूपये कीमत का गुड़ लाहन व शराब जब्त कर की कार्रवाई, एक गिरफ्तार



**दतिया।** आबकारी विभाग व पुलिस बल के सहयोग से जिले में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध प्रतिदिन बड़ी कार्रवाई की जा रही है जहां गुरुवार को उनाव थाना क्षेत्र के ग्राम सेरसा में अवैध शराब जब्त कर लाहन नष्ट किया गया था वहीं शुक्रवार 11 सितम्बर को आबकारी विभाग व जिगना थाना पुलिस ने सनोरा कंजरडेरा पर छापामार कार्रवाई करते हुए 04 ड्रमों में लगभग 800 लीटर गुड़ लाहन सैंपल लेकर नष्ट किये गये एवं 18 लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। यह कार्यवाई प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी मनीष द्विवेदी के मार्गदर्शन, आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी अनिरुद्ध खानवलकर के नेतृत्व में वृ?त प्रभारी दतिया-अ श्रीमती ध्?वनी भदौरिया द्वारा की गई। दो प्रकरणों में जब्त की गई व नष्ट मदिरा एवं सामान की अनुमानित मूल्य 1लाख 26 हजार 400 रूपये बताई गई है। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी अनिरुद्ध खानवलकर ने बताया कि यह अभियान सतत रूप से जिले में आगे निरंतर जारी रहेगा। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक मनोज दिनकर, आबकारी मुख्?य आरक्षक विकास पाठक, जिगना थाना प्रभारी राजीव बिरथरे सहित आबकारी व पुलिस बल का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले के पत्रकारों ने किया कलेक्टर के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित



**आगर मालवा।** आगर मालवा जिले के कलेक्टर डा. शेर सिंह मीना के उपेक्षा पूर्ण रवैये व कार्य प्रणाली से नाराज होकर आगर नगर व जिले के पत्रकारों ने उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करके कलेक्टर डा. मीना को तत्काल आगर जिले से हटाए जाने की मांग की है।

**गांधी उपवन में हुई बैठक-** शनिवार दोपहर एक बजे पत्रकारों की आवश्यक बैठक गांधी उपवन छावनी में संपन्न हुई, जिसमें आगर कलेक्टर की कार्यशैली व पत्रकारों के प्रति उनके उपेक्षा पूर्ण रवैये व संवादहीनता की स्थिति तथा जनसुनवाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में पत्रकारो को कवरेज करने से रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने खुलकर अपनी बात रखी और संपूर्ण चर्चा के बाद, सर्वसम्मति से निर्णय लेकर कलेक्टर डा. शेर सिंह मीना के कार्यव्यवहार की घोर निंदा करते हुए राज्य शासन से उन्हें तत्काल हटाकर , जवाबदेह व सभी से समन्वय बनाकर कार्य करने वाले अधिकारी को नए कलेक्टर के रूप में पदस्थ करने की मांग की गई।

**किसान संघ भी कर चुका है निंदा**

**प्रस्ताव पारित-** कलेक्टर डॉ मीना की कार्य प्रणाली कैसी है ? इस बात का अंदाजा इसी से लग जाता है। कि 2 सितंबर को कलेक्टर ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी किसान संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि कलेक्टर ने किसानों की प्रमुख मांगो की ओर ध्यान ही नहीं दिया। किसानों के प्रति उनका रवैया काफी नकारात्मक एवं संवेदनाहीन है बैठक के दौरान कलेक्टर ने किसान संघ के जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा पर किसानों को भड़काने जैसे जैसा गंभीर आरोप भी लगा दिया था इसके बाद किसान संघ के पदाधिकारी बैठक का बहिष्कार करके चले गए थे और इस घटनाक्रम के दो दिन बाद 4 सितंबर को किसान संघ ने कलेक्टर की कार्यप्रणाली की घोर निंदा करते हुए उन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग को लेकर एएसपी रविंद्र कुमार बोयट को प्रदेश शासन के मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन सौपा था पत्रकारों द्वारा कलेक्टर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित करने बाद जिले के अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

## सार संक्षिप्त

### पर्यावरण के अनुकूल स्वनिर्मित प्रतिमाओं को स्थापित कर करें पूजन- अर्चन : ऋत्विकदास मिश्रा



**समय जगत, जयसिंहनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जिला शहडोल के समन्वयक विवेक पांडेय के निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक ऋत्विक दास मिश्रा के नेतृत्व में शासकीय हाई स्कूल देवरा में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक ऋत्विक दास मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जाने वाले प्रभावी प्रयासों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से प्लास्टिक के दुष्प्रभावों एवं उनके वैकल्पिक उपायों के संबंध में भी चर्चा की। विकासखंड समन्वयक ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियां बनाने एवं उन्हें अपने आसपास स्थापित कर उनका पूजन-अर्चन करने का सुझाव दिया। इस दौरान उन्होंने इससे होने वाले लाभ के संबंध में भी समुचित जानकारी दी। आगामी गणेश चतुर्थी के दृष्टिगत उन्होंने माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम अंतर्गत माटी के गणेश निर्माण पर जोर देते हुए अपने घर में स्वनिर्मित गणेश प्रतिमाओं को स्थापित करने का सुझाव दिया। इस दौरान उन्होंने माटी से गणेश जी की प्रतिमा बनाकर छात्रों को वैसे ही प्रतिमा बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य धनेंद्र सिंह परिहार, राघवेंद्र प्रसाद तिवारी, जीवनलाल नट रत्नाकर सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया धार्मिक उत्सव



**समय जगत, बिस्टान।** नगर में शनिवार को धार्मिक आस्था का पर्व भादवि माता उत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। माता का विशाल विसर्जन जुलूस झांज मंजीरों के साथ गाते बजाते नारायण सिंधिया, रेवाराम राठौड़ , राजाराम सोलंकी, हीरालाल बागुल , मोतिया सिंधिया, गोपाल सोनी, शुभम पाटील, गबु पटेल, झांझ, मृदंग नाच गायन के साथ सोनु दागोड़े ,शिवानी दागोड़े लड़की का वेश धारण कर युवक नाचते हुए चल समारोह के साथ इंद्रावती नदी घाट ले जाया गया। जहां पर माता रूपी ज्वारों की पूजा, अर्चना, आरती, कर गले मिलकर नम: आंखों से इंद्रावती नदी में ज्वारों का विसर्जन किया। इस अवसर पर नगर के श्रद्धालुजन शामिल हुए। नगर के टाटिया मोहल्ला से भी भजन मंडली द्वारा गाते बजाते माता का विशाल विसर्जन जुलुस निकाला गया। हताई चौक राम मंदिर ,बाज़ार चौक होते हुए। इंद्रावती नदी पहुचे यहां पर माता के ज्वारों का पूजन ,आरती कर माता रूपी ज्वारों का गले मिल कर विसर्जन किया गया।

### अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने किया बड़ा ऐलान

**समय जगत, बिस्टान।** नवीन शिक्षक संवर्ग की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश ने सरकार को अब आर-पार की चेतावनी दी है। मोर्चे ने ऐलान किया है कि 27 सितंबर तक मांगों का ठोस निराकरण नहीं हुआ तो भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। अप्रैल से सितंबर तक आंदोलन, फिर भी समाधान नहीं राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक जगदीश यादव के अनुसार 8 अप्रैल से 5 सितंबर तक प्रदेश के जिला, ब्लॉक और तहसील मुख्यालयों पर महारैलियां निकालकर शासन को ज्ञापन सौंपे गए।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगर आगमन को लेकर पुलिस अलर्ट - सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की तैयारियां पूर्ण

## पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने स्वयं व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**समय जगत, आगर मालवा।** मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ. मोहन यादव के आज दिनांक 13 सितंबर 2026 को जिला आगर मालवा भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, एसडीओपी आगर मोतीलाल कुशवाहा एवं एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव के मार्गदर्शन में अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपकर व्हीव्हीआईपी सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, आयोजन स्थल, हेलीपैड, प्रवेश-निकास, पार्किंग एवं भीड़ नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

**पुलिस अधीक्षक ने स्वयं मौके पर पहुंचकर परखी सुरक्षा व्यवस्था-** पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा कार्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों का स्वयं निरीक्षण किया गया। उन्होंने हेलीपैड, मुख्य आयोजन स्थल एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्हीव्हीआईपी सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो तथा प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी अपने निर्धारित दायित्व, ड्यूटी पॉइंट एवं जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से समझकर कार्य करे।

**लगभग 550 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे तैनात-** संपूर्ण कार्यक्रम व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आगर रविन्द्र कुमार बोयट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उज्जैन आलोक शर्मा एवं उप सेनानी 24वीं वाहिनी जावरा मनोहर सिंह वारिया रहेंगे। इनके सहयोग हेतु एसडीओपी आगर मोतीलाल कुशवाहा, एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव, उप पुलिस अधीक्षक अजाक आगर यशवंतराव गायकवाड, उप पुलिस अधीक्षक जिला आगर रघुनाथ खातरकर, उप पुलिस अधीक्षक अजाक देवास सुनीता कटारा, उप पुलिस अधीक्षक अजाक शाजापुर अजय कुमार मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रतलाम आनंद सोनी, उप पुलिस अधीक्षक उमनि कार्यालय रतलाम बी.आर. वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक पीटीएस उज्जैन एन.के. मालवीय, उप पुलिस अधीक्षक म.अ. प्रकोष्ठ शाजापुर बृजेश मिश्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक पीटीसी उज्जैन सुरेश कुमार मोर्य को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

**06 सेक्टर में विभाजित सुरक्षा व्यवस्था-** कार्यक्रम की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी एवं व्यवस्थित संचालन के लिए 06 प्रमुख सेक्टर में विभाजित किया गया है- 1. हेलीपैड व्यवस्था, 2. कारकेड व्यवस्था, 3. मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था, 4. आमसभा सुरक्षा व्यवस्था, 5. बैजनाथ मंदिर व्यवस्था, 6. सेफ हाउस एवं हॉस्पिटल व्यवस्था हेलीपैड एवं मार्ग व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी उप सेनानी 24वीं वाहिनी जावरा मनोहर सिंह वारिया रहेंगे।

# लोक अदालत में क्लेम केस में एक रूपये में हुआ पक्षकारों के मध्य राजीनामा



**दतिया।** सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय चंद्र के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में जिला एवं तहसील स्तर पर 20 खंडपीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 931 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा 122 प्रिलिटिगेशन प्रकरण का निराकरण किया गया। इस लोक अदालत में सबसे चर्चित प्रकरण में 14 नवंबर 2023 को राजू कुशवाहा और अरविंद पाल की मोटर साइकिल आपस में टकरा गई थी जिसमें अरविंद पाल की मृत्यु हो गई थी और राजू घायल हो गया था। राजू द्वारा अरविंद की पत्नी पूजा पाल के विरुद्ध न्यायालय में क्लेम याचिका प्रस्तुत की गई थी जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय चंद्र एवं सविता जड़िया ने पक्षकारो को समझाइए दी गई जिससे सहमत होकर पक्षकारों ने आपसी सहमति से एक रूपये में राजीनामा करना तय हुआ। अभी तक के इतिहास में दतिया में पहली बार एक रूपये में किसी प्रकरण में राजीनामा हुआ है। लोक अदालत में प्रीलिटीगेशन प्रकरणों में बैंक ऋण वसूली के 3 हजार प्रकरण रखे गए थे जिसमें से 8 प्रकरणों का निराकरण कर 12 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया।

# सेवा संकल्प अभियान को एक पर्व के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा: मंत्री राकेश शुक्ला

## 117 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मनाया जाएगा सेवा संकल्प अभियान के रूप में प्रधानमंत्री का जन्मोत्सव



**दतिया।** मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा से संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्रीमती संध्या राय, विधायक प्रदीप अग्रवाल, पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा में स्थानीय नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। दो अक्टूबर स्वच्छता एवं श्रमदान गतिविधियों पर रहेगा विशेष जोर सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत नदी घाटों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान तथा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत मानव रंगोली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को नई पहचान और सम्मान मिला है।

# रसपुर की रेत झरौंसी में पकड़ाई पुलिस ने की रेत वाहनों पर कार्यवाही



**समय जगत, ब्यौहारी।** आऐ दिन हो रहे रेत के भारी भरकम रेत कारोबार मे ब्यौहारी और जैसिंहनगर की राजस्व/पुलिस की टीम ने एक बार फिर से धावा बोला है और दो बड़े वाहनों को पकड़कर कार्यवाही की है। हालाकि कुछ लोग इस कार्यवाही और कार्यवाही के पीछे की मंशा पर सवाल भी खडे कर रहे है! गौरतलब है कि ब्यौहारी जैसिह नगर के अनेको जगहो से रेत का अवैध कारोबार चरम पर है लेकिन यदि प्रशासनिक टीम की बात करे तो वर्तमान में दोनों जगहो पर युवा टीम तैनात है। ब्यौहारी से स्थानान्तरित होकर जैसिंहनगर पहुंचे नायव तहसीलदार शनि द्विवेदी एक दमदार और अनुभवी अफसर माने जाते हैं ब्यौहारी रहते उन्होने ऐ साबित किया है ब्यौहारी में आऐ तहसीलदार गेलेक्शी नागपुरे अभी तक पत्रकारो से मुखातिब तो नही हुऐ जिससे उनके क्रिया कलापो को परखा जा सके पर चर्चाओ में है लोगों की शिकायत भी सुनते हैं और कार्यवाही भी कर रहे है यह ब्यौहारी के लिऐ अच्छी खबर है ! रसपुर से रेत भरकर जा रहे दो हाइवा वाहनो को झरौसी मे पकड लिया गया है दिनांक 12 सितंबर 2026 को रात्रि 3 बजे से प्रातः 4. 30 बजे तक जैसिंहनगर अनुविभाग की राजस्व टीम द्वारा नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी के नेतृत्व में तथा ब्यौहारी अनुविभाग की राजस्व टीम द्वारा डिप्टी कलेक्टर गैलेक्सी नागपुरे के नेतृत्व में पुलिस की सहायता से अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान ग्राम झरोसी, तहसील ब्यौहारी में अवैध रेत का परिवहन कर रहे दो 12-चक्का हाइवा वाहन पकड़े गए। दोनों वाहन रीवा की ओर अवैध रेत का परिवहन कर रहे थे। दोनों वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी तथा दोनों वाहनों के पास वैध ईटीपी वगैरह उपलब्ध नहीं था।

वाहनों को पकड़ते समय एक हाइवा वाहन का चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे हाइवा वाहन के चालक को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में वाहन चालक ने बताया कि रेत ग्राम रसपुर से भरी गई थी।

# जिला अस्पताल की बदहाली का कांग्रेस ने उठाया मुद्दा स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर दिया ज्ञापन



**दतिया।** शनिवार को कांग्रेस नगर अध्यक्ष मोहम्मद अरसद रज्जन भाई के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए सिविल सर्जन डॉ. केसी राठौर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। जिला अस्पताल में प्रदर्शन के दौरान दतिया विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनों को जमीनी हकीकत में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है और जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं के समाधान के बजाय उन्हें नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा जिला अस्पताल गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए सबसे बड़ी उम्मीद है लेकिन यहां व्यवस्थाओं की अनदेखी के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस जनता की आवाज बनकर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए लगातार संघर्ष करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने आरोप लगाया कि अस्पताल में मरीजों को समय पर सुविधाएं नहीं मिलना, स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही, साफ-सफाई की स्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नही दिखा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार नहीं किया गया और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता नहीं लाई गई तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद रहे और उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मरीजों के हित में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर अवधेश नायक, नरेंद्र गुर्जर, बीएल केन, बासुदेव सरपंच, अजय शुक्ला, संतोष लिटौरिया, जसवंत बघेल, मुन्ना खान, स्वामी शरण कुशवाहा, रिंकू यादव, संजू दांगी, पुष्पराज राजपूत, उत्तम कुशवाहा, डॉ. राकेश खरे, रामजी दुबे, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, दीपेन्द्र पुरोहित, काले खान केपी यादव, मोहन कुशवाहा, रामकुमार मोंगिया, जाकिर मंसूरी, विक्रम दांगी, शैलेश राजा, टीपू सेन, पवन वेडर, महेंद्र कुशवाहा, पंकज यादव, बीरु दांगी, इस्तियाक अहमद, राजू खान, शैलेन्द्र राजा परमार, राजा कुरैशी, जीतू प्रजापति, श्रीराम सेन, सद्दाम खान, मनीष दांगी, दिनेश खांगट, सीताराम अहिरवार, अमित कुशवाहा, राघवेन्द्र जादौन, लाला आदिवासी, अमित कुशवाहा, राघवेन्द्र आदिवासी, दिनेश पांचाल, भंडारी कुशवाहा एवं बीर सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण महोत्सव में दिखी सर्वधर्म समभाव की अनूठी मिसाल: बुर्का पहने मुस्लिम माताओं ने अपने बच्चों को बनाया कन्हैया

## एनडीपीएस के 22वें श्रीकृष्ण महोत्सव में 45 कन्हैया और 25 राधा ने मोहा मन



**दतिया।** न्यू दतिया पब्लिक स्कूल के 22वें श्रीकृष्ण महोत्सव में सर्वधर्म समभाव की अनूठी मिसाल देखने को मिली। यहाँ मुस्लिम समाज की बहनें बुर्का पहनकर अपने नन्हे-मुन्नों को भगवान श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूप में सजाकर लेकर आईं। इस दृश्य को देखकर महोत्सव के मुख्य अतिथि कलेक्टर स्वप्निल वानखडे का मन प्रफुल्लित हो गया। कलेक्टर श्री वानखड़े ने कहा कि श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजे ये बच्चे भगवत गीता के ज्ञान का अनुसरण कर अच्छे इंसान बनें यही कामना है। मुस्लिम बहने अपने नन्हे मुन्ने बच्चों को श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजाकर लाई हैं यह गंगा-जमुनी तहजीब का सबसे सुंदर उदाहरण है। श्रीकृष्ण महोत्सव में 45 बच्चों ने कन्हैया और 25 बच्चों ने राधा के स्वरूप में भाग लिया। 21 बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

**इन बच्चों को मिला पुरस्कार......** इस अवसर पर भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया उनमें श्रीकृष्ण सज्जा में प्रथम विवान पाल, द्वितीय - मोहम्मद अली रहे। श्रीराधा सज्जा में प्रथम गुनगुन सिंह, द्वितीय उन्नति सोनी रही तथा विशेष आकर्षण पुरस्कार अनाया खान और जारा खान को दिया गया इसके अलावा 2 बच्चों को तृतीय, 12 बच्चों को विशेष आकर्षण और 21 बच्चों को श्रेष्ठ नृत्य के लिए पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को शील्ड, श्रीकृष्ण अंग पट्टिका और बांसुरी भेंट की गई।

**कार्यक्रम में इन अतिथियों की रही उपस्थिति.....** इस कार्यक्रम में मुंबई से पधारे संगीत नाटक अकादमी सम्मानित नाटककार ओम कटारे, अमित अग्रवाल एड. संजय सरबरिया, मिथुन महाराज उपस्थित रहे तथा सभी अतिथियों को कार्यक्रम संयोजक डॉ.आलोक सोनी, संध्या सोनी एवं अनुभूति राजा ने शॉल, श्रीकृष्ण अंगपट्टिका उड़ाकर श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर पगड़ी पहनाकर सम्मान पत्र भेंट करके उत्कृष्ट समाजगौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका शर्मा एवं आभार रजिया बानो ने व्यक्त किया।

## संपादकीय

# तेल की कमी से वैश्विक अर्थव्यवस्था हो रही है प्रभावित

अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी अभी भी जारी है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव अब केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं रह गया है। अमरीका और ईरान के बीच जारी संघर्ष ने अंतरर्राष्ट्रीय ऊर्जा बाजार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। फारस की खाड़ी से तेल निर्यात में सामान्य स्थिति की तुलना में भारी गिरावट इस बात का संकेत है कि युद्ध का आर्थिक प्रभाव कितनी तेजी से दुनिया के दूसरे हिस्सों तक पहुंच रहा है। खाड़ी देशों से तेल निर्यात का करीब 47 प्रतिशत तक रह जाना वैश्विक बाजार के लिए गंभीर चेतावनी है। यदि आपूर्ति में यह कमी लंबे समय तक बनी रहती है तो तेल की कीमतों में तेजी, परिवहन लागत में वृद्धि और महंगाई का नया दौर देखने को मिल सकता है।

इस पूरे संकट का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलडमरूमध्य है। यह संकरा समुद्री मार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर और आगे हिंद महासागर से जोड़ता है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले तेल और गैस के लिए यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है। दुनिया के कई बड़े ऊर्जा आयातक देश की अर्थव्यवस्था प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसी समुद्री रास्ते की सुरक्षित आवाजाही पर निर्भर करती है। इसलिए होर्मुज के आसपास किसी भी तरह की सैन्य गतिविधि या जहाजों के लिए नए प्रतिबंधों की घोषणा का असर स्थानीय स्तर से कहीं अधिक व्यापक हो सकता है। ईरान की ओर से होर्मुज के बाहर नए प्रतिबंधित क्षेत्र की बात सामने आने के बाद समुद्री व्यापार को लेकर चिंता बढ़ी है। यदि जहाज को किसी इलाके में प्रवेश करने से रोकने के लिए सैन्य या प्रशासनिक कदम बढ़ाए जाते हैं तो शिपिंग कंपनियों को वैकल्पिक रास्तों की तलाश करनी पड़ सकती है। इसका सीधा असर यात्रा के समय और लागत पर होगा। तेल टैंकरों के अलावा दूसरे मालवाहक जहाज भी जोखिम वाले क्षेत्र से दूरी बनाने लगें तो वैश्विक व्यापार की गति प्रभावित हो सकती है। तेल केवल वाहनों का ईंधन नहीं है। आधुनिक अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा ऊर्जा पर निर्भर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि का असर परिवहन से लेकर कृषि, उद्योग और खुदरा बाजार तक दिखाई देता है। माल ढुलाई महंगी होने पर वस्तुओं की कीमत बढ़ती है और उत्पादन लागत में भी इजाफा होता है । विमानन क्षेत्र में ईंधन महंगा होने पर हवाई यात्रा की लागत बढ़ सकती है। पेट्रोकेमिकल उद्योग पर असर पड़ने से प्लास्टिक, रसायन और कई औद्योगिक उत्पादों की लागत भी बढ़ सकती है। यही कारण है कि खाड़ी क्षेत्र से तेल निर्यात में आई बड़ी गिरावट को केवल ऊर्जा बाजार की समस्या मानना उचित नहीं होगा। इसका असर महंगाई पर पड़ सकता है और केंद्रीय बैंकों के लिए आर्थिक नीतियां तय करना कठिन हो सकता है। एक तरफ उन्हें कीमतों को नियंत्रित करने की चुनौती होगी और दूसरी तरफ आर्थिक गतिविधियों को धीमा होने से बचाना होगा। यदि तेल लंबे समय तक महंगा रहता है तो दुनिया के कई देशों की विकास दर पर दबाव पड़ सकता है। भारत दुनिया के प्रमुख ऊर्जा उपभोक्ता देशों में है। देश की अर्थव्यवस्था में परिवहन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की बड़ी भूमिका है और इन सभी को ऊर्जा की जरूरत होती है। पश्चिम एशिया में आपूर्ति बाधित होने और अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ने का असर भारत में भी दिखाई दे सकता है। महंगा कच्चा तेल आयात बिल बढ़ा सकता है और इससे विदेशी मुद्रा पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि भारत ने ऊर्जा आपूर्ति को विविध बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए हैं तथा इन प्रयासों को आगे भी जारी रखने की आवश्यकता है। ताकि महंगाई पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# उत्तर प्रदेश में सनातन और विकास की गूंज

## नजरिया

**सभी जातियों को साधने का मंत्र दिया गया है। संख्या चाहे कम हो या ज्यादा लेकिन कोई जाति अछूती न रहे। हमें सबको जोड़ना होगा। भाजपा ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश का चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व उनके चेहरे पर ही लड़ा जाएगा। यही कारण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पाती के माध्यम से, मंच से तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी जनता के साथ संवाद बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी का जनता दरबार तो नियमित है ही। वह अयोध्या, मथुरा, काशी की भूमि से सनातन का संदेश भी दे रहे हैं। योगी स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और पीड़ितों से मिल रहे हैं। योगी ने सार्वजनिक संवाद के मंचीय भाषण और योजनाओं के शुभारंभ से आगे ब?कर युवाओं, छात्रों ,लाभार्थियों से संवाद का विस्तार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा का दो दिवसीय दौरा कर स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर अग्रसर है और अब श्रीकृष्ण की जन्मभूमि की मुक्ति का समय आ गया है।**

**मृत्युंजय दीक्षित**

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने अपना कार्यभर संभाल लिया है और अपने इरादे भी स्पष्ट कर दिए हैं। भाजपा ने 2027 के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमें हर बूथ को मजबूत करना होगा। कोई बूथ छूटना नहीं चाहिए। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही सभी राजनैतिक दलों ने अपना गुणा-भाग करके उसके आधार पर पिच बनानी आरम्भ कर दी है। अभी तक जो राजनैतिक अनुमान सामने आए हैं उसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की बढ़त स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है। उधर सपा मुखिया अखिलेश यादव और कांग्रेस के मध्य सीटों के तालमेल पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हो सका है जिसके कारण इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं में भ्रम व असमंजस की स्थिति बनी हुई है। चुनावी तैयारी करते हुए सपा ने कार्यकर्ताओं की ड्रेस का रंग भी बदल डाला है। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने अपना कार्यभर संभाल लिया है और अपने इरादे भी स्पष्ट कर दिए हैं। भाजपा ने 2027 के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमें हर बूथ को मजबूत करना होगा। कोई बूथ छूटना नहीं चाहिए। सभी जातियों को साधने का मंत्र दिया गया है। संख्या चाहे कम हो या ज्यादा लेकिन कोई जाति अछूती न रहे। हमें सबको जोड़ना होगा। भाजपा ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश का चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व उनके चेहरे पर ही लड़ा जाएगा। यही कारण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पाती के माध्यम से, मंच से तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी जनता के साथ संवाद बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी का जनता दरबार तो नियमित है ही। वह अयोध्या, मथुरा, काशी की भूमि से सनातन का संदेश भी दे रहे हैं। योगी स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और पीड़ितों से मिल रहे हैं। योगी ने सार्वजनिक संवाद के मंचीय भाषण और योजनाओं के शुभारंभ से आगे ब?कर युवाओं, छात्रों ,लाभार्थियों से संवाद का विस्तार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा का दो दिवसीय दौरा कर स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर अग्रसर है और अब श्रीकृष्ण की जन्मभूमि की मुक्ति का समय आ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के माध्यम से अवध से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक समस्त क्षेत्र को सनातन के रंग में रंग दिया और अपने मतदाता को बता दिया कि अब अगला चरण श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का ही है। मथुरा में मुख्यमंत्री योगी ने दो दिन बिताए। परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए सपा सरकार के काले कारनामों को उजागर किया और समा बांध दिया। अपने भाषण में योगी ने कहा कि प्रदेश में 2017 के पूर्व उत्सव नहीं उपद्रव होता था। पूर्व की सरकार दंगाइयों को सम्मान देती थी।अब दंगामुक्त प्रदेश में भारी संख्या में पर्यटक व श्रद्धालु आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सनातन की आभा निरंतर बढ़ रही है।आज काशी विश्वनाथ धाम भव्यता और आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जा रहा है। अयोध्या में बाबर ने 128 में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर को तोड़कर गुलामी का ढांचा बनवा दिया लेकिन इससे रामनवमी, पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा सावन का झूला मेला नहीं रुका। सनातन की आभा निरंतर बढ़ती रही और संघर्षों का जज्बा पैदा करती रही। इसी का परिणाम है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दिव्य व भव्य मंदिर बन गया है। मुख्यमंत्री मथुरा में दो दिन श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाने के बाद लखनऊ में रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल हुए और फिर उन्होंने गोरखपुर में भी जन्माष्टमी समारोह मे भाग लेकर हिंदू समाज को स्पष्ट संकेत दिया कि भाजपा की योजना इस बार मंडल व कमंडल दोनों को अपने में समाहित कर लेने की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जहां सनातन की आभा बढ़ रही है वहीं विकास की गूंज भी लगातार सुनाई दे रही है। भाजपा सरकार अपनी योजनाओं के माध्यम से उन सभी वर्गो को खुश करने का प्रयास कर रही है जो उसके वोट प्रतिशत को बढ़ाने में सहायक है। प्रदेश के शिक्षकों के लिए सुविधाओं की घोषणा, 60 वर्ष की ऊपर की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा तथा समाजिक पेंशन में वृद्धि के बाद अब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा सेविकाओं का मानदेय भी बढ़ाने की घोषणा कर दी गई है। आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय 8 हजार से बढाकर 12 हजार कर दिया गया हैजबकि सहायिका का मानदेय 6 हजार की जगह 8 हजार कर दिया गया है। इसके अलावा 5 लाख तक का कैशलेस इलाज, स्मार्टफोन तथा साड़ियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। अयोध्या में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज से 9 वर्ष पूर्व आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हालात में थे और बच्चे खुद टाट पट्टी लेकर पढ़ने के लिए आते थे, आंगनबाड़ी केंद्र अस्त व्यस्त रहते थे, समय से पोषाहार नहीं मिलता था । इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सेविकाओं को सम्मानित भी किया। योगी ने यहां पर भी सनातन को जोड़ लिया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सेविकाओं की तुलना माता यशोदा से की।



# देशज ज्ञान में हैं संकट से बचाव के उपाय

**वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

हिमालयी विकास केवल विज्ञान और टेक्नोलॉजी का विषय नहीं है। यह ज्ञान, अनुभव व पारंपरिकता का भी विषय है। वहां के रहने वाले अपने-अपने स्तर पर जिन तौर-तरीकों से बचे रहना चाहते हैं, उन पर अपना विज्ञान न थोपें। जिन तरीकों से वे सफलता से बचे रह रहे हैं, हिमालय से कम-से-कम संसाधन लेते हुए उनके पीछे के विज्ञान को समझिए। तब उनके लिए मददगार वातावरण बनाएं। हम हिमालय या अन्यत्र भी प्राकृतिक संसाधनों का जितना उपभोग या अपव्यय कर रहे हैं, उतना प्राकृतिक रूप से पैदा नहीं हो रहा है। जैव विविधता के मामले में उपभोग या पर्यावरणीय आघातों से जो जैविक जातियां-प्रजातियां संकट में पहुंच गई हैं या समाप्त हो गई हैं, उनकी भरपाई मुश्किल है। क्षेत्रीय आधार पर तो कई जड़ी-बूटियां अतिदोहन के बाद स्थापित ही नहीं हो रही हैं। यह ईकोसिस्टम सेवा क्षमताओं व प्रवाहों पर प्रतिकूल असर डालता है। कई रणनीतियों या चल रहे कार्यक्रमों को मौसम में हो रहे बदलाव प्रभावित कर रहे हैं। किसी आपदा के बाद जब सरकार अध्ययन कराने की बात करती है, तो वह राजनीतिक रूप से उस समस्या को टालने की प्रक्रिया होती है। जैसे तब तक बरसातें रुक जाती हैं या जंगलों में लगी आग मौसमी कारणों से बुझ जाती हैं। सड़कों के एलाइनमेंट के मामले में भी ऐसा होता है। राजनेता उन क्षेत्रों में सड़क ले जाने के लिए वोट बैंक के कारण दबाव डालते रहते हैं, जिन क्षेत्रों में सड़क ले जाने से जलस्रोतों और वनों को हानि पहुंच सकती है या नए भूस्खलन क्षेत्र बन सकते हैं। नदी से दूर निर्माण करने के सुझाव ही नहीं माने जाते हैं। इसके लिए तो राजनीतिज्ञ इस हद तक जा सकते हैं कि वे उन सभी दलीलों को जुटा देते हैं, जिनसे बुग्यालों को बुग्याल मानने से ही इनकार कर दिया जाए। नदियों की चौड़ाई पर ही सवालिया निशान लगा देते हैं। बांध जलाशय बन गए तो उनमें मनमाने स्तर तक पानी भरवाने में गुरेज नहीं करते या उस तथ्य की अनदेखी कर देते हैं। इस समय दस राष्ट्रों और लगभग 1.90 अरब लोगों को हिमालय से सेवाएं मिलती हैं। स्थानीय लोगों के ईकोसिस्टम संबंधी ज्ञान का लाभ नहीं लिया जा रहा है। यदि स्थानीय समुदाय को काम दिया जाए और उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो तो ईकोसिस्टम के पुनर्वास की कीमत कम हो सकती है। नई टेक्नोलॉजी से होने वाले नुकसान कम किए जा सकते हैं और आर्थिकी व पारिस्थितिकी, दोनों को मदद मिल सकती है। पारंपरिक बीज संरक्षण की जानकारी स्थानीय समुदाय आपको दे सकता है। यह पहाड़ी खेती में जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक सहनशीलता और अनुकूलन क्षमता ला सकता है। आपदाओं के बीच बचे रहने के लिए स्थानीय स्तर के ज्ञान, तकनीकों व अनुभवों का डॉक्यूमेंटेशन और सामयिक उपयोग करने से भविष्य में स्थानीय समुदायों में ज्ञान-कौशल की कुछ विशिष्टताएं भी पनप सकती हैं। बाहरी जगत से संपर्कों के अभाव में दुर्गम क्षेत्रों में अपनी सुरक्षा व रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें आविष्कार व नवाचार करने ही पड़ते हैं। दुरूह, दुर्गम पहाड़ों में रहने वाले लोगों के लिए पीढ़ियों व सदियों से वहां विपरीत परिस्थितियों में भी जिंदा रहने के लिए स्थानीय स्तर पर काम के तौर-तरीकों, औजारों व ज्ञान को विकसित करना और सहेजना आवश्यक रहा है। ऐसे उदाहरण भी हैं, जब भूकम्पों में भी पीढ़ियों पुराने पहाड़ी मकान या अन्न भंडारण संरचनाएं बची रह जाती हैं। या सूखा, अकाल या अन्य मौसम की मारों के बीच भी स्थानीय लोग पहाड़ों के खेतों व जंगलों में कुछ ऐसा पैदा हुआ पहचान लेते हैं, जिसे स्थानीय निवासी बचे रहने के लिए खा सकते हैं। पहाड़ी आपदाओं से बचाव व राहत में इनसे मदद मिल सकती है। इस तरह का देशज ज्ञान स्थानीय स्तर पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी झेली जाने वाली प्राकृतिक आपदाओं के संदर्भों व अनुभवों से ही उपजता है। इसे पिछली पीढ़ियां आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा देती हैं। अब ऐसे ज्ञान की थाती की निरंतरता बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। पहाड़ों से भारी मात्रा में पलायन भी इसका एक कारण है। बाजारी व्यवस्थाओं से ही जरूरतों के पूरा होने तथा कई प्रकार के प्रतिबंधों के कारण प्राकृतिक क्षेत्रों व संसाधनों से लोगों का दुराव होने के कारण भी पर्वतीय समुदाय के प्रकृति को समझने के अवसरों में कमी आई है। इससे प्रासंगिक आपदा प्रबंधन के देशज ज्ञान की थाती भी सिमटी है।

# करेंसी को टिकाऊ बनाने की दिशा में अहम बदलाव

**प्रो. पूर्णेन्दु रंजन**

देश के केंद्रीय बैंक द्वारा छोटे मूल्यवर्ग, खासकर 10 और 20 रुपये, में पॉलिमर यानी प्लास्टिक नोटों के ट्रायल का मकसद टिकाऊ, सुरक्षित और कम लागत वाली करेंसी बनाना है। जो कागज के मौजूदा नोटों से ज्यादा समय तक चले व नकली नोटों का चलन भी रुक सके। भारत की मुद्रा केवल कागज़, सुरक्षा धागे और स्याही का भौतिक उत्पाद नहीं है; यह देश की संप्रभुता का प्रतीक, रोज़मर्रा के सामाजिक भरोसे का ठोस माध्यम और राज्य की संस्थागत क्षमता का प्रतीक है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा छोटे मूल्यवर्ग,खासकर 10 रुपये और 20 रुपये, में पॉलिमर यानी प्लास्टिक नोटों के बड़े पैमाने पर फील्ड ट्रायल की दिशा में उठाए गए हालिया नीतिगत क़दम देश की मौद्रिक यात्रा में दूरगामी मोड़ हैं। यह पहल नोटों के टिकाऊपन, मुद्रण लागत में कटौती व जालसाज़ी पर अंकुश का वादा तो करती है, लेकिन साथ ही पर्यावरण संतुलन, सामाजिक समावेशिता और करेंसी सुधार की राजनीति पर भी गंभीर विमर्श की मांग करती है। वैश्विक पटल पर पॉलिमर बैंकनोट्स कोई सर्वथा नया प्रयोग नहीं है। वर्ष 1988 में ऑस्ट्रेलिया से शुरू होकर ब्रिटेन, कनाडा, वियतनाम और नाइजीरिया जैसे देशों ने इसे सफलतापूर्वक अपनाया है। इन देशों में पॉलिमर करेंसी को अपनाने का मुख्य कारण उसका लंबा जीवनकाल और उन्नत सुरक्षा तंत्र रहा है। पारंपरिक कागज़ी नोटों की तुलना में पॉलिमर नोट औसतन तीन से चार गुना अधिक चलते हैं। भारत में छोटे मूल्यवर्ग के नोटों की स्थिति ज़मीनी स्तर पर अत्यंत दयनीय रहती है। सब्ज़ी मंडी, ऑटो-रिक्शा, चाय की थड़ियों और स्थानीय हाट-बाज़ारों में 10 और 20 रुपए के नोट इतनी तेजी से हाथ बदलते हैं कि उनका औसत जीवनकाल बमुश्किल एक वर्ष ही रह जाता है। पसीने, नमी, धूल और बार-बार मोड़ने-मरोड़ने के कारण वे जल्द ही फट जाते हैं। रिज़र्व बैंक की 'क्लीन नोट पॉलिसी' के तहत प्रतिवर्ष अरबों की संख्या में कटे-फटे और मैले नोट नष्ट कर उनकी जगह नोट छापने पड़ते हैं। इस प्रक्रिया में भारी वित्तीय संसाधन, विदेशी सबस्ट्रेट यानी नोट-पेपर का आयात और लॉजिस्टिक्स का खर्च शामिल होता है। पॉलिमर नोट पानी, तेल और गंदगी के प्रति प्रतिरोधी होते हैं। इन्हें बार-बार बदलने की दर घटने से केंद्रीय बैंक के मुद्रण खर्च में बड़ी कमी आएगी। इसके साथ ही, पारदर्शी विंडो और जटिल ऑप्टिकल सुरक्षा विशेषताओं के चलते नकली नोटों के संगठित नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाना कहीं अधिक संभव हो सकेगा।




पॉलिमर नोटों का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव भारत की विशाल अनौपचारिक इकोनॉमी पर पड़ेगा। रेहड़ी-पटरी वाले, छोटे दुकानदार, दिहाड़ी मज़दूर और ग्रामीण परिवार रोज़मर्रा के लेन-देन के लिए मुख्य रूप से नकदी पर ही निर्भर हैं। जब किसी आम नागरिक के हाथ में फटा हुआ नोट आता है और बाज़ार में उसे लेने से मना कर दिया जाता है, तो यह सिर्फ आर्थिक हानि नहीं बल्कि रोज़मर्रा की असुविधा और गरिमा पर चोट का कारण बनता है। लंबे समय साफ़-साबुत रहने वाले नोट आम जनता को लेन-देन में सुगमता और मानसिक सुरक्षा प्रदान करेंगे। यह नीतिगत क़दम इस व्यावहारिक सच्चाई को भी स्वीकार करता है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के अभूतपूर्व प्रसार के बावजूद भारत में नकद लेन-देन पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकता। डिजिटल भुगतान की बुनियादी सीमाएं हैं—नेटवर्क कनेक्टिविटी, स्मार्टफ़ोन की उपलब्धता और डिजिटल साक्षरता की बाधाएं अभी पूरी तरह दूर नहीं हुई। प्रस्तावित पॉलिमर नोट कागज़ी मुद्रा के समांतर चलेंगे, जिससे सुनिश्चित होगा कि तकनीकी रूप से वंचित वर्ग वित्तीय प्रणाली के हाशिए पर न छूटे। हालांकि, पॉलिमर नोटों की चमक के पीछे दो प्रमुख चुनौतियां भी छिपी हैं—पहली पर्यावरणीय और दूसरी सांस्कृतिक व जलवायुगत। पॉलिमर नोट प्लास्टिक आधारित होने के कारण गैर-बायोडिग्रेडेबल हैं। भारत में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और रीसाइक्लिंग का ढांचा अभी भी पूरी तरह संगठित नहीं। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों ने पुराने पॉलिमर नोटों को रिसाइकिल कर उनसे उपयोगी औद्योगिक उत्पाद बनाने की व्यवस्था तैयार की है। यदि भारत समय रहते मुद्रण के साथ-साथ ऐसे नोटों के वैज्ञानिक संकलन और रिसाइक्लिंग का तंत्र विकसित नहीं करता, तो वित्तीय बचत से अधिक बड़ा नुकसान पर्यावरणीय लागत के रूप में सामने आ सकता है। दूसरी चुनौती भारत की विविध और चरम जलवायु परिस्थितियों से जुड़ी है। भीषण गर्मी, अत्यधिक नमी और धूल भरे माहौल में पॉलिमर नोटों के व्यवहार का ज़मीनी आकलन अनिवार्य है। इसके साथ ही, भारतीय संदर्भ में नोटों के सबस्ट्रेट को सांस्कृतिक और सामाजिक संवेदनाओं के अनुकूल रखना भी आवश्यक शर्त रही है। आम बोलचाल में 'प्लास्टिक' शब्द कई बार कृत्रिमता और अविश्वास से जुड़ जाता है; ऐसे में जनमानस में इन नोटों की प्रामाणिकता और वैधता स्थापित करने के लिए जन-जागरूकता जरूरी होगी। पॉलिमर नोट महज़ एक तकनीकी या प्रशासनिक सुधार नहीं; वे पारंपरिक कागज़ी मुद्रा और भविष्य की पूर्णतः डिजिटल अर्थव्यवस्था के बीच एक संक्रमणकालीन सेतु की तरह हैं। वे नकद के आधुनिकीकरण का माध्यम हैं, जो यह स्वीकार करते हैं कि डिजिटल युग की ओर बढ़ते हुए भी ज़मीनी हक़ीक़तों और नकद की सामाजिक भूमिका की अनदेखी नहीं की जा सकती। इस मौद्रिक सुधार की अंतिम सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि रिज़र्व बैंक और सरकार आर्थिक लाभ, जन-स्वीकार्यता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के बीच कैसा संतुलन साधते हैं। जब तकनीकी दक्षता और प्रशासनिक पारदर्शिता आम नागरिक के भरोसे से जुड़ेगी, तभी यह बदलाव देश के मौद्रिक इतिहास में एक स्थायी और सार्थक मील का पत्थर साबित हो सकेगा।

# डिजिटल प्रोडक्ट पासपोर्टः सर्कुलर इकोनॉमी की रीढ़

**डॉ. मिलिंद कुमार शर्मा**

निःसंदेह तीव्रता से बढ़ते औद्योगिक उत्पादन ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, किन्तु साथ ही प्राकृतिक संसाधनों का बढ़ता दोहन, ऊर्जा की खपत और अपशिष्ट की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। पारंपरिक रैखिक अर्थव्यवस्था %बनाओ, उपयोग करो और त्याग दो% के मॉडल पर आधारित उत्पाद के उपयोग के बाद उसकी उपयोगिता समाप्त मान ली जाने वाली व्यवस्था के विकल्प के रूप में सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा सामने आई है, जिसका उद्देश्य उत्पादों, सामग्रियों और संसाधनों को अधिकतम समय तक आर्थिक चक्र में बनाए रखना है। इसके लिए मरम्मत, पुन~ उपयोग, नवीनीकरण, पुनर्निर्माण और पुनर्चक्रण को प्राथमिकता दी जाती है। सर्कुलर इकोनॉमी को प्रभावी बनाने के लिए केवल उत्पाद का पुन~उपयोग पर्याप्त नहीं है, इसके निर्माण, सामग्री, घटकों, मरम्मत और पुनर्चक्रण से जुड़ी विश्वसनीय जानकारी भी आवश्यक है। इसी आवश्यकता से डिजिटल प्रोडक्ट पासपोर्ट की अवधारणा विकसित हुई है। इसे किसी उत्पाद का डिजिटल पहचान-पत्र भी कहा जा सकता है, जिसमें उसके पूरे जीवन-चक्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी इन्द्राज रहती है। इसमें निर्माता, प्रयुक्त सामग्री, स्थिरता, रखरखाव, मरम्मत, स्पेयर पार्ट्स, पुन~उपयोग और पुनर्चक्रण संबंधी विवरण सम्मिलित किए जा सकते हैं। उत्पाद अथवा उसकी पैकेजिंग पर उपलब्ध क्यूआर कोड अथवा अन्य डिजिटल माध्यम से इस जानकारी तक सुलभता से पहुंच बनाई जा सकती है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि डिजिटल प्रोडक्ट पासपोर्ट सर्कुलर इकोनॉमी के लिए आवश्यक सूचना-तंत्र तैयार करने में सक्षम है। डिजिटल प्रोडक्ट पासपोर्ट सर्कुलर इकोनॉमी को व्यावहारिक बनाता है, जो उत्पाद और सामग्री का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करता है। यह आवश्यक सूचना देकर मरम्मत, पुन~उपयोग और पुनर्चक्रण सुगम बनाता है। इसे सर्कुलर इकोनॉमी की डिजिटल रीढ़ भी कहा जा सकता है। इसका लाभ उपभोक्ताओं तक ही सीमित नहीं है वरन यह निर्माताओं के लिए पारदर्शिता और ट्रेसबिलिटी बढ़ाने का माध्यम भी सिद्ध हो सकता है। साथ ही कच्चे माल, घटक, और निर्माण जानकारी को व्यवस्थित किया जा सकता है, जिससे गुणवत्ता नियंत्रण, संसाधन प्रबंधन, और उत्पाद जीवन चक्र का आकलन सरलता से हो सकेगा। साथ ही मरम्मत व पुनर्निर्माण उद्योग को तकनीकी जानकारी और स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता में भी सहायता मिल सकती है। भारतीय उद्योगों के लिए गुणवत्ता के साथ-साथ ट्रेसबिलिटी, संसाधन दक्षता, टिकाऊपन और पुनर्चक्रण की क्षमता भी आवश्यक हो गई है। यदि निर्माता प्रारंभ से ही उत्पादों की डिजिटल पहचान और जीवन चक्र जानकारी ठीक से व्यवस्थित कर लें, तो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा सुदृढ़ हो सकेगी। इससे संसाधनों का श्रेष्ठकर उपयोग होगा और भारतीय उत्पाद विश्वसनीय बनेंगे, साथ ही यह पहल आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत और सतत विकास के राष्ट्रीय अभियानों को भी समर्थन देगी।भविष्य में किसी उत्पाद की पहचान केवल उसके नाम या मूल्य से नहीं होगी, अपितु उसके पूरे जीवन-चक्र से होगी। एक छोटे से क्यूआर कोड को स्कैन करके उपभोक्ता उसके निर्माण से लेकर पुनर्चक्रण तक की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेगा। यही पारदर्शिता, जवाबदेही और संसाधनों के प्रति उत्तरदायित्व भविष्य की अर्थव्यवस्था की पहचान बनेगी। सर्कुलर इकोनॉमी केवल पर्यावरण बचाने का विचार मात्र नहीं है, अपितु यह आने वाली पीढ़ियों के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखने का एक व्यावहारिक और दायित्वपूर्ण माध्यम है। डिजिटल प्रोडक्ट पासपोर्ट इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकता है।

## सार-समाचार

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के अंतर्गत कराए गए कार्यक्रम



**समय जगत,हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार गौर के निर्देशन में तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशा गायकवाड़ के मार्गदर्शन में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग हरदा की परामर्शदाता पारुल कासिव द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि जब भी किसी व्यक्ति को मन में अच्छा ना लगे तब उसे किसी अपने से बात करना चाहिए, मन को व्यस्त रखना चाहिए, तथा अपने शरीर का विशेष ध्यान रखना चाहिए साथ ही ऐसे व्यक्ति के साथ उसके सहपाठियों को मित्रम् व्यवहार करना चाहिए। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार गौर द्वारा कहा गया की आज के समय में किसी अपने को अपना मित्र बनाएं, मोबाइल को नहीं, जिससे सभी सुरक्षित और स्वस्थ रहेंगे। साथ ही महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी वी के विछोतिया द्वारा विद्यार्थियों को आत्महत्या के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अंकिता, पलक चौहान, तनीषा चौहान, अवंतिका, पंकज, प्रीतम, चेतन, आकाश द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया। स्वास्थ्य विभाग हरदा से जिला समन्वयक आशीष साकल्ले, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट गीतांजलि परमार, नर्सिंग ऑफिसर अंकित सिंह, दीपक गौर, अजय मंडलेकर, गणेश सराठे एवं महाविद्यालय स्टाफ से डॉ राहुल सराठे, डॉ अभिषेक तिवारी, डॉ प्रियंका राय, डॉ शारदा द्विवेदी सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सचिव जॉन किंग्सली ने बिलापुरा औद्योगिक क्षेत्र का किया भ्रमण

### औद्योगिक इकाइयों की स्थिति, निवेश, रोजगार एवं लंबित प्रकरणों की ली जानकारी



**राजगढ़ /ब्यावरा।** मध्यप्रदेश शासन के औद्योगिक नीति, निवेश एवं प्रोत्साहन विभाग के सचिव तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सचिव जॉन किंग्सली ने तहसील सारंगपुर के औद्योगिक क्षेत्र बिलापुरा, पचोर का भ्रमण कर औद्योगिक गतिविधियों एवं इकाइयों की स्थिति का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान सचिव श्री किंग्सली ने माननीय उच्च न्यायालय, खंडपीठ इंदौर में लंबित प्रकरण मेसर्स भोपाल पेपर एंड बोर्ड्स लिमिटेड को आवंटित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रकरण से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त की तथा कंपनी की परिसंपत्तियों एवं शेष भूमि पर विभाग द्वारा आवंटित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का स्थल निरीक्षण किया। सचिव श्री किंग्सली ने महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, राजगढ़ को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र की समस्त इकाइयों में किए गए कुल निवेश, रोजगार की स्थिति तथा संबंधित कंपनी पर विभिन्न विभागों की लंबित देयताओं सहित प्रकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी तत्काल शासन स्तर पर प्रेषित की जाए। उन्होंने प्रकरण के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश बिलापुरा औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं की जानकारी लेते हुए सचिव श्री किंग्सली ने विद्युत विभाग से समन्वय कर समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कचनारिया फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर, ब्यावरा के संबंध में भी विद्युत विभाग से समन्वय कर शेष कार्य का प्राक्कलन प्राप्त करते हुए उसे तत्काल मुख्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# भारतीय पत्रकार संघ AIJ की महिला प्रकोष्ठ की गुजरात अध्यक्ष का उज्जैन आगमन



**उज्जैन , समय जगत।** पत्रकारों के हितार्थ कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन भारतीय पत्रकार संघ एआईजे की महिला विंग की गुजरात प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रिया पटेल का उज्जैन आगमन हुआ ,अपने अल्प प्रवास के दौरान उन्होंने महाकाल दर्शन के साथ ही भद्र काली, मंगलनाथ और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन कर लाभ लिया ,अल सुबह पहुंची प्रिया पटेल का उज्जैन में मध्य प्रदेश अध्यक्ष राशिद खान द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया ,इस अवसर पर उनको स्मृति चिन्ह के रूप में बिरलामंदिर स्थित भगवान विष्णु की तस्वीर प्रदान की गई,अपने अल्प प्रवास के दौरान उन्होंने प्रदेश सचिव कृष्णकांत गुप्ता और उज्जैन जिला अध्यक्ष रूपेश तिवारी से भी संगठन को लेकर चर्चा की उन्होंने कहा कि भारतीय पत्रकार संघ अपने पत्रकार साथियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर जो कार्य कर रहा है, वो किसी भी संगठन में नहीं किया जा रहा है। पत्रकार अपनी जान जोखिम में डाल कर कार्य करता है, ऐसे में उसके परिवार का ध्यान भी रखना बहुत जरूरी है। वहीं मध्य प्रदेश अध्यक्ष राशिद खान ने भी बताया कि जिस तरह भारतीय पत्रकार संघ का बड़े हॉस्पिटल से करार किया गया है वहीं यूनिवर्सिटी में भी हायर एजुकेशन के लिए भी विशेष रियायत कॉलेज द्वारा दी जा रही है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है कि पत्रकारों का जो स्वास्थ बीमा प्रति वर्ष किया जाता है उसके बदले पत्रकारों और उनके परिवार को भी आयुष्मान योजना का लाभ तुरंत देना चाहिए। इस अवसर पर गुजरात महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष प्रिया पटेल और मध्य प्रदेश अध्यक्ष राशिद खान , सचिव कृष्णकांत गुप्ता, उज्जैन जिला अध्यक्ष रूपेश तिवारी का गमछा पहना कर सम्मान किया।

# विकास की नई उड़ान : 30 साल बाद खत्म हुआ इंतजार



**समय जगत, इटारसी।** शहर के वार्ड 26 के निवासियों के लिए आज का दिन एक ऐतिहासिक और सुखद सौगात लेकर आया। विकास की जिस पक्की सड़क की राह स्थानीय नागरिक पिछले कई दशकों से देख रहे थे, आज उस सपने ने हकीकत का रूप ले लिया है। इस बहुप्रतीक्षित सड़क के बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र में विकास की एक नई ऊर्जा का संचार भी होगा।

**विधायक निधि से साकार हुआ सड़क का सपना:** क्षेत्रीय विकास को तेज गति देते हुए, विधायक निधि के माध्यम से इस 120 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। यह सड़क जयश्री विद्या मंदिर से लेकर श्री तिवारी के मकान तक बनाई जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पूरे विधि-विधान के साथ इस कार्य का भूमि पूजन किया, जिसे वार्ड के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

**हर वार्ड का समुचित विकास ही हमारी प्राथमिकता:** इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने अपनी विकासवादी सोच को साझा करते हुए कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को उत्कृष्ट बनाना ही परिषद की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबे समय से रुके हुए सभी विकास कार्यो को आवश्यकता के आधार पर तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सड़कें, सुव्यवस्थित नालियां और सभी जरूरी जनसुविधाएं बिना किसी बाधा के मिल सकें।

**वार्डवासियों में भारी उत्साह और आभार:** लगभग 30 वर्षों की पुरानी मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। सड़क निर्माण की यह बड़ी सौगात मिलने पर सभी वार्डवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभी जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार जताया।

इस भूमि पूजन कार्यक्रम में पार्षद कुंदन गौर, पार्षद एवं सभापति राकेश जाधव, एल्डरमैन आशीष मालवीय, पूर्व पार्षद मालती नागरे सहित वार्ड के अनेक गणमान्यजन साक्षी बनें।

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 272 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री राजकुमार नामदेव आत्मज श्री हरिकिशन नामदेव के नाम भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 3996-97 दिनांक 21/03/1980 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25/03/1988 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 28/11/2024 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती श्रीदेवी पत्नी श्री दिनेश कुमार सक्सेना के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 13/08/2026 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती श्रीदेवी पत्नी श्री दिनेश कुमार सक्सेना के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट टी0टी0 नगर जिला-भोपाल (म0प्र0)**

प्र0 क्र0 ........01/बी-113/2025-26

**प्रारूप-4**
**(नियम-5 (1) देखिये)**
**//सूचना//**
**(म0प्र0 लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 05 (2) म0प्र0 लोक न्यास नियम अधिनियम 1962 के नियम 5 (1) के अन्तर्गत)**

न्यायालय पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी टी0टी0 नगर जिला-भोपाल के समक्ष जैसा कि आवेदक कु. अक्षिता जैन आ0 श्री पुष्पेन्द्र जैन पता-एम.आई.जी. 9/3 गीतांजलि काम्पलेक्स, पी. एण्ड टी. चौराहे के पास टी.टी. नगर भोपाल म.प्र. द्वारा 卐वन वाइल्ड इंडिया कलेक्टिव ट्रस्ट卐 कार्यालय - एम.आई.जी. 9/3 गीतांजलि काम्पलेक्स, पी. एण्ड टी. चौराहे के पास टी.टी. नगर भोपाल म.प्र. का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 05/10/26 को विचार में लिया जावेगा। अतः एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत कर सकता है, और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

1- ट्रस्ट का नाम - वन वाइल्ड इंडिया कलेक्टिव ट्रस्ट भोपाल म0प्र0।
2- अचल सम्पत्ति - निरंक
3- चल सम्पत्ति - 10,000/- (दस हजार नगद)

आज दिनांक 03/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**(श्रीमती अर्चना रावत)**
**अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट टी.टी.नगर वृत्त भोपाल (म.प्र.)**

## मोठबड़ली में ग्रामीणजनों से मंत्री नारायण सिंह पंवार का आत्मीय जनसंवाद

**समय जगत, सुठालिया।** शनिवार को ब्यावरा विधानसभा की ग्राम पंचायत मोठबड़ली में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने ग्रामीणजनों से आत्मीय जनसंवाद किया। जनसंवाद के दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार का मूल उद्देश्य गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, यही सुशासन की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण, गणवेश, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। विद्यालयों में अधोसंरचना का विस्तार, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा के अवसर मिल सकें।

**कार्यालय-विपणन सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर शाखा श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र क्र.... क — दिनांक 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 27.09.2026 रविवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**विपणन सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. सोईकलां शाखा श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र क्र.... क — दिनांक 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था सोईकलां**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. नागदा शाखा श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र क्र.... — दिनांक : 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था नागदा**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. कनापुर शाखा श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र क्र.... — दिनांक : 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था कनापुर**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. नागरगांवड़ा शाखा श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र क्र.... — दिनांक : 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्थानागरगांवड़ा**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. हीरापुर शाखा श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र क्र.... — दिनांक : 11.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था हीरापुर**

**कार्यालय-वृहत्ताकार सहकारी साख संस्था मर्या. श्योपुर शाखा श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

क्रमांक/साधारण सभा/2022 — दिनांक - 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.30 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था श्योपुर**

**कार्यालय-वृहत्ताकार सहकारी साख संस्था मर्या. ढोढर शाखा श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

क्रमांक/साधारण सभा/2022 — दिनांक - 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.30 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/ प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था ढोढर**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. लुहाड़ शाखा बड़ौदा जिला श्योपुर (म.प्र.)**

क्रमांक/साधारण सभा/2022 — दिनांक - 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा एक घण्टे पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/ प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था लुहाड़**

**कार्यालय-व्रहत्ताकार प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. बड़ौदा शाखा बड़ौदा जिला श्योपुर (म.प्र.**

पत्र/क्र./आमसभा — दिनांक 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 25.09.2026 शुक्रवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था बड़ौदा**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. कुहान्जापुर शाखा बड़ौदा जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र/क्र./आमसभा — दिनांक 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था कुहान्जापुर**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. राड़ेप शाखा बड़ौदा जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र क्र.... — दिनांक 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 24.09.2026 गुरूवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था राड़ेप**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. बोरदादेव शाखा बड़ौदा जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र क्र.... — दिनांक 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 23.09.2026 बुधवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था बोरदादेव**

**कार्यालय-प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. नयागांव तेखण्ड शाखा बड़ौदा जिला श्योपुर (म.प्र.)**

पत्र क्र.... क — दिनांक 10.09.2026

**आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त के महानुभावों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026 सोमवार को समय दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थित होने का कष्ट करे।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट पश्चात निश्चित स्थान व दिनांक पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जावेगी। जिसमें किसी प्रकार की गणपूर्ति की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सभा का एजेण्डा कार्यक्रम**
01- वार्षिक पत्रक 31 मार्च 2026 का अनुमोदनार्थ।
02- अनुमानित आय व्यय बजट वर्ष 2027-28 स्वीकृति बावत।
03- वर्ष 2025-26 का अंकेक्षण निर्धारण स्वीकृति बावत।
04- आडिट नोट वर्ष 2025-26 की तामिल करने बावत।
05- संस्था हॉजी के खर्चे जात की स्वीकृति बावत।
06- संस्था का टूटा फूटा डेड स्टाक खारिज करने बावत।
07 अन्य प्रकरण श्रीमान प्रशासक महोदय की अनुमति से पेश हो सकेगे।

**प्रशासक/प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्था नयागांव तेखण्ड**

# गांव-गांव पहुंचा प्रशासन, ग्रामीणों की समस्याओं पर कलेक्टर ने दिए मौके पर निर्देश

**समय जगत, पांढुर्ना।** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक श्री प्रकाश चंद्र परिहार ने शनिवार को ग्राम घोघरी और गोविंदपुरा पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई एवं त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने लक्ष्मी बहना योजना, किसान सम्मान निधि, फार्मर आईडी की ई-केवाईसी, समग्र आईडी, दिव्यांग एवं जाति प्रमाण-पत्र, वन पट्टे, राशन, सड़क और नाली सहित विभिन्न समस्याएं कलेक्टर के सामने रखीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा कोटवार श्री उपाश्या बगड़े के संबंध में शिकायत करते हुए रिश्वत लिए जाने की बात सामने रखी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए, कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने संबंधित को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने विद्यालय के आसपास विद्युत तार लटकने की समस्या भी बताई। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**गांवों में पहुंचकर किसानों को मार्गदर्शन दें कृषि अधिकारी**



कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कृषि विभाग के अधिकारी श्री राहुल सरियाम को निर्देश दिए, कि वे नियमित रूप से गांवों में पहुंचकर किसानों से संवाद करें। किसानों को फसल चयन, खेती की उचित तकनीक और फसल प्रबंधन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन देने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई एवं नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया और रसोईघर के नवीनीकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों से संपर्क करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अधिकारी-कर्मचारियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान 'जन गण मन' का गायन किया।

# थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनसमस्याएं

## भूमि एवं राजस्व संबंधी मामलों में समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

**समय जगत हमीरपुर।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर आज थाना राठ में जिलाधिकारी हमीरपुर अभिषेक गोयल एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर श्री मृगांक शेखर पाठक द्वारा जनसुनवाई की गई। अधिकारियों ने थाना क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं एवं प्रार्थना पत्रों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से भूमि विवाद एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर स्थलीय जांच करने तथा नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक एवं स्थायी राहत उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा भूमि विवादों के मामलों में राजस्व अभिलेख एवं मौके की स्थिति का परीक्षण कर निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित मामलों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इस अवसर पर संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### धर्मेश घई ने आंदोलन में निभाई सहभागिता



**समय जगत, मैहर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेश घई ने कमिश्नर कार्यालय स्थित धरना स्थल पर न्याय सत्याग्रह के पांचवें दिन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान.जीतू पटवारी /आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ चल रहे जनआंदोलन में सहभागिता की। उनका कहना है कि रीवा की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था ने आम जनता को गहरे संकट में डाल दिया है। अस्पतालों में अव्यवस्था और लापरवाही के आरोपों ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अब जनता जवाब चाहती है—जवाबदेही तय हो, न्याय मिले और स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरे। न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। जनता की लड़ाई, पूरी ताकत से जारी रहेगी।

### आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया पोला एवं ताना पोला



**समय जगत, पांढुरना।** पांढुरना के ग्राम मारुड में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार आस्था और उत्साह के साथ पोला एवं ताना पोला पर्व मनाया गया। यह आयोजन ग्राम की धार्मिक संस्था श्री विट्ठल रुक्मिणी मंदिर समिति द्वारा किया गया। परंपरा के अनुसार ग्राम के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नंदी सजाकर मंदिर परिसर में पहुंचाए। मंदिर परिसर में पारंपरिक तोरण बांधने की रस्म भी संपन्न हुई। ग्राम कोतवाल द्वारा तोरण बांधा गया। इसके बाद तोरण टूटने पर महाराज द्वारा हरि कीर्तन किया गया, जिसमें पोला एवं ताना पोला पर्व के धार्मिक और पारंपरिक महत्व की जानकारी दी गई। आयोजन के दौरान ग्राम की बैंड पार्टी ने प्रस्तुति देकर माहौल को उत्सवमय बना दिया। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट रूप से सजाए गए नंदियों को पुरस्कार एवं बख्शीश दी गई। प्रथम स्थान पर पैलेपार निवासी नैतिक रामराव बालपांडे के नंदी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और आकर्षण का केंद्र बना रहा। समिति की ओर से सभी बच्चों को गिफ्ट आइटम, पेंसिल, पेन, चॉकलेट, बिस्किट सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। इस पारंपरिक आयोजन को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। ग्रामवासियों ने कहा कि पोला एवं ताना पोला जैसी परंपराएं हमारी संस्कृति और आस्था से जुड़ी हुई हैं। इन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। श्री विट्ठल रुक्मिणी मंदिर समिति ने अगले वर्ष भी सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने का आह्वान किया।

### हिंदू संस्कृति ने सदैव वसुधैव कुटुंबकम् और सर्वे भवन्तु सुखिन : का संदेश दिया – शिव राठौर




**समय जगत, सिवनी मालवा।** विश्व हिंदू परिषद के 62 वें स्थापना दिवस पर सिवनी मालवा नगर समिति के वीर शिवाजी खंड का स्थापना दिवस कार्यक्रम दो पीपल बाबा कालोनी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य मधु धुर्वे ने भाषण में कहा कि हिंदू समाज को विहिप ने ही संगठित कर उसके हर चुनौतियों के लिए खड़ा किया हैं। विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिवस जन्माष्टमी के पावन दिन मुंबई के बाल संदीपनि आश्रम संघ के द्वितीय संघ चालक गुरु गोलवलकर, संत चिन्मयानंद की उपस्थिति में विहिप की स्थापना हुई थी। विश्वभर के हिंदू समाज को संगठित करने, जीवन मूल्यों एवं संस्कृति की रक्षा करने, समाज में सेवा समरसता की भावना को मजबूत करने के संकल्प को लेकर समाज का कार्य प्रारंभ हुआ। संगठन से शक्ति संस्कार से संस्कृति हमारी विविधताएओं में भी एकसूत्र में पिरोने का भाव अलग परंपराओं, भाषाओं, क्षेत्रो ओर सामाजिक व्यवस्थाओं के बाद भी हिंदू संस्कृति ने सदैव वसुदेव कुटुंबकम् और सर्वे भवन्तु सुखिन : का संदेश दिया। इसी व्यापक सांस्कृतिक चेतना को समाज के बीच मजबूत करने हेतु संगठन जनजागरण कार्यों को गति देता हैं। संचालन दुर्गावाहिनी नगर संयोजिका रिंकी नाथ ने किया, आभार नरेंद्र यदुवंशी ने व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन शामिल रहें।

### पुलिस द्वारा अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**समय जगत, बांदा।** बीती रात्रि को थाना कमासिन पुलिस द्वारा चोरी करने वाले दो अभियुक्तों भैरव पुत्र माताबदल निवासी ग्राम पछौहा थाना कमासिन, राजाभैया पुत्र माताबदल निवासी ग्राम पछौहा थाना कमासिन को सामान व नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना कमासिन क्षेत्र के रहने वाले देवकीनंदन व आदित्य द्वारा अपनें अपनें घरों में हुई चोरी के संबंध मे थाना कमासिन पर सूचना दी। जिसके संबंध में अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी। थाना कमासिन पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों को पं0केदार नाथ डिग्री कॉलेज ग्राम पछौहां रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। अभियुक्तों की निशांदेही पर चोरी का सामान जिसमे 105 किलो गेंहु, 30 किलो चना, 1 इनवर्टर, 1 बैट्रा, 1 कढाही व 2500 रुपए नगद बरामद हुए है।

# चोरी के आरोपी हुए गिरफ्तार




**समय जगत, बांदा।** थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा चोरी करने वाले दो अभियुक्तों पति व पत्नी हमीद पुत्र वहीद निवासी मु0 भगवती नगर कस्बा व थाना तिंदवारी,नर्गिस पत्नी हमीद निवासी मु0 भगवती नगर कस्बा व थाना तिंदवारी को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।साथ ही एक बाल अपचारी को भी चोरी के माल के साथ संरक्षण में लिया गया है।थाना तिंदवारी क्षेत्र के रहने वाले गुजरतिया,शिवप्रसाद,जगप्रसाद, दुर्गेश द्वारा अपनें अपनें घरों में हुई चोरी के संबंध मे थाना तिंदवारी पर सूचना दी थी।अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया।थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हमीद व अभियुक्ता नर्गिस को ग्राम पपरेन्दा रोड़ पर पीएचसी तिंदवारी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।1बाल अपचारी को भी संरक्षण में लिया गया।सभी के कब्जे से भारी मात्रा में आभूषण (अनुमानित कीमत 20 लाख रुपए) व नगदी बरामद की गई है।पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि हम सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य है तथा घूम घूम कर घरों की रेकी करते है।जिन घरों में कोई नही होता,वहां का दरवाजा,खिडकी तोडकर बच्चे को घर के अंदर चोरी करने के लिए भेजते है तथा हम पति पत्नी घर के बाहर निगरानी करते है।पुलिस द्वारा इस संबंध में और गहनता के जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और कितने स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।इनके पास से 2 गले के हार,2 गले की चेन,1 जोडी लटकन,1 जोडी झुमका,1 कान के कुण्डल,2 कान की बाली,1 कमरबंध,5 जोडी पायल,4 चांदी के सिक्के,9 बिछिया,6 कंगन व 54100 रुपए नगद बरामद हुए।

# थाना पहाड़गढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अपहृत नाबालिग बालिका को 20 दिन के भीतर सकुशल किया दस्तयाब, परिजनों को सौंपा



**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना द्वारा जिले में लंबित चल रहे गुमशुदगी के प्रकरणों में नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु एक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सभी थाना प्रभारियों को विशेष टीमें गठित कर आवश्यक कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी पहाड़गढ़ व उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका की तलाश के लिए निरंतर प्रयास किए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस के सतत प्रयासों एवं कड़ी मेहनत के फलस्वरूप दिनांक 11 सितंबर 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर, प्रकरण क्रमांक 115/26, धारा 137(2) बी.एन.एस. के तहत अपहृत नाबालिग बालिका को घटना के 20 दिवस के भीतर ही सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। महिला अधिकारी के समक्ष बालिका के कथन कराए गए, जिसमें उसने घर से नाराज होकर चले जाना बताया। इसके पश्चात पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी करते हुए नाबालिग बालिका को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# समाधान दिवस में आयुक्त ने सुनी जनसमस्याएं, 10 शिकायतों का मौके पर कराया निराकरण

## तीजा मेले की तैयारियों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुमेरपुर का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश



**समय जगत हमीरपुर।** आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा श्री अजीत कुमार ने पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बाँदा श्री राजेश एस. के साथ थाना सुमेरपुर में आयोजित समाधान दिवस में प्रतिभाग कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। आयुक्त ने शेष शिकायतों, विशेषकर भूमि विवाद एवं अतिक्रमण से संबंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय सत्यापन के आधार पर निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न हो, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक एवं स्थायी राहत मिलनी चाहिए। इसके पश्चात आयुक्त एवं डीआईजी ने सुमेरपुर के हरिचंदन तालाब में तीजा पर्व पर आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण बाल लीला आधारित मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तालाब के आसपास बैरिकेडिंग, पर्याप्त पुलिस बल, प्रशिक्षित गोताखोर एवं लाइफ जैकेट, मोबाइल चिकित्सीय दल, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, प्रकाश, विद्युत एवं अग्निशमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने पशु मेला बाजार, दुकानों एवं दंगल स्थल का भी निरीक्षण कर यातायात, पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आयुक्त महोदय द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुमेरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पेयजल के लिए फ्रीजर तथा वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था उपलब्ध न होने की जानकारी पर आयुक्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा स्वास्थ्य केन्द्र में शीतल पेयजल एवं वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, आयोजनों में आमजन की सुरक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, अन्यथा संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही अमल में में लायी जाएगी।

# एनएच-44 पर 5 लाख की लूट का खुलासा केरल गैंग के 3 आरोपी त्रिशूर से गिरफ्तार



**संदीप लाहोरिया- समय जगत,सिवनी।** लखनादौन थाना क्षेत्र में एनएच-44 पर हुई करीब 5 लाख रुपये की लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय लुटेरी गैंग के केरल निवासी तीन आरोपियों को त्रिशूर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लखनादौन लाया गया है। मामले में लूट के मास्टरमाइंड सहित अन्य आरोपियों और लूट की रकम की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 31 अगस्त 2026 की रात करीब 11:58 बजे मड़ई टोल पार करने के बाद आरोपियों ने इनोवा कार से क्रेटा कार को रोक लिया। लोहे के पाइप से कार के शीशे तोड़ दिए गए। इसी दौरान आगे खड़ी पीले रंग की नंबर प्लेट वाली वैगनआर ने क्रेटा को टक्कर मार दी। भयभीत होकर कार सवार सगताराम देवासी और जेठाराम वाहन छोड़कर भाग गए। वापस लौटने पर कार में रखा 5 लाख रुपये का बैग गायब मिला। रिपोर्ट के आधार पर थाना लखनादौन में प्रकरण क्रमांक 346/2026 के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने करीब 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपियों की गतिविधियों का सुराग केरल तक पहुंचाया। विशेष पुलिस टीम ने जिला त्रिशूर में दबिश देकर प्रवीण पिता प्रकाशन, जिजो के.जे. पिता जॉनी और अरुण पी.सी. पिता चंद्रन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार सलीश के.वी. को लूट का मास्टरमाइंड बताया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। तीनों पर केरल के विभिन्न थानों में मारपीट, हथियार, धमकी, जुआ तथा अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज रहे हैं। पुलिस अब फरार आरोपियों, 5 लाख रुपये की लूट की रकम तथा घटना में प्रयुक्त इनोवा वाहन की तलाश में जुटी है।

### गणेश उत्सव पर मिट्टी की मूर्ति स्थापित करने विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने की अपील



**समय जगत, मैहर।** गणेश उत्सव पर्व के अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए अपने घरों में मिट्टी से निर्मित भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने की अपील की है। विधायक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएं पर्यावरण के अनुकूल होती हैं और इनके उपयोग से स्थानीय कारीगरों एवं छोटे व्यवसायियों को भी प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने नागरिकों से गणेश उत्सव को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण तथा लोकल व्यवसाय को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार की गई मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं को खरीदकर हम अपनी परंपरा को बनाए रखने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकते हैं। विधायक ने सभी नागरिकों से अपील की कि इस गणेश उत्सव पर मिट्टी की प्रतिमा अपनाएं, पर्यावरण बचाएं और स्थानीय कारीगरों का साथ दें।

# गैरतगंज में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

## 66 प्रकरणों का हुआ निराकरण, 2.65 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का हुआ निपटारा

**समय जगत, गैरतगंज।** तहसील न्यायालय गैरतगंज में शनिवार 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया गया। जिला एवं विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन के माननीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन तथा तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं न्यायाधीश श्रीमती आकांक्षा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के लंबित प्रकरणों का पक्षकारों की आपसी सहमति और राजीनामे के माध्यम से निराकरण किया गया। लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को शीघ्र, सरल और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना रहा। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच सहमति स्थापित कर मामलों का निपटारा किया गया, जिससे पक्षकारों को लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया, समय और खर्च से राहत मिली।

**एन.आई. एक्ट के 45 प्रकरणों में हुआ राजीनामा:** नेशनल लोक अदालत के दौरान एन.आई. एक्ट से संबंधित 45 प्रकरणों का आपसी राजीनामे के माध्यम से सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इन मामलों में कुल 2,65,63,780 दो करोड़ पैंसठ लाख तिरसठ हजार सात सौ अस्सी रुपये की राशि का निपटारा वसूली हुई। बड़ी राशि से जुड़े प्रकरणों के निराकरण को लोक अदालत की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। लोक अदालत में आपराधिक प्रकृति के मामलों में भी पक्षकारों के बीच आपसी सहमति कायम कर प्रकरणों का निराकरण किया गया। उपलब्ध विवरण के अनुसार 14 आपराधिक प्रकरणों का



सफलतापूर्वक निराकरण हुआ। वहीं महिलाओं से संबंधित 5 प्रकरणों को भी आपसी समझौते के माध्यम से समाप्त किया गया। इसके अतिरिक्त 2 अन्य आपराधिक प्रकरणों में भी राजीनामा कराया गया। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के कुल 66 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

**न्यायालयीन प्रक्रिया को सरल बनाने में लोक अदालत की महत्वपूर्ण भूमिका:** लोक अदालत में मामलों के निराकरण के दौरान पक्षकारों को आपसी समझौते के माध्यम से विवाद समाप्त करने का अवसर मिला। इससे न केवल लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हुआ, बल्कि पक्षकारों के बीच आपसी सौहार्द बनाए रखने में भी मदद मिली। लोक अदालत की प्रक्रिया में दोनों पक्षों की सहमति को प्राथमिकता दी जाती है, जिसके चलते विवादों का शांतिपूर्ण एवं व्यावहारिक समाधान संभव हुआ।

**वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने किया सहयोग:** नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्तागण श्रीकांत शर्मा, संजीव राय, वीरेंद्र खरे, कृपाराम राय, एस.पी. सोनी एवं प्रदीप चौबे सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने पक्षकारों को राजीनामा प्रक्रिया एवं प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के संबंध में आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

**बड़ी संख्या में पक्षकारों को मिली राहत:** लोक अदालत के माध्यम से 66 प्रकरणों के निराकरण से बड़ी संख्या में पक्षकारों को राहत मिली। विशेष रूप से एन.आई. एक्ट के मामलों में बड़ी राशि से संबंधित प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निपटारा होना आयोजन की प्रमुख उपलब्धियों में रहा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन ने यह संदेश दिया कि आपसी सहमति, संवाद और राजीनामे के माध्यम से अनेक विवादों का त्वरित एवं सरल समाधान संभव है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करने के साथ-साथ आम नागरिकों को कम समय में न्याय प्राप्त करने का अवसर भी मिलता है। गैरतगंज तहसील न्यायालय में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में 66 प्रकरणों का निराकरण और 2.65 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से जुड़े मामलों का समाधान क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा।

पीपल गोटा में आयोजित हुआ जनविश्वास अभियान कार्यक्रम

# ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लोग हों अधिकाधिक लभान्वितः विधायक प्रेमशंकर वर्मा

**समय जगत, सिवनी मालवा।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनविश्वास अभियान के तहत तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम के अंतर्गत आने वाले ग्राम पीपल गोटा में विशाल जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। जिसमे विधायक प्रेमशंकर वर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ जनपद अध्यक्ष रेणुका मंडलोई, एसडीएम विजय राय व स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा मौके पर ही जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना रहा। शिविर में शासन के सभी प्रमुख विभागों राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, जल




संसाधन आदि द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए। विधायक प्रेमशंकर वर्मा, जनपद अध्यक्ष, एसडीएम ने सभी विभागों के काउंटर्स निरीक्षण कर नागरिकों के बीच पहुचकर उनकी समस्याओं व आवेदनों को गंभीरता से सुना। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के समयबद्ध निपटारे हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि जनविश्वास अभियान का मूल मंत्र जनता का शासन में विश्वास मजबूत करना है। हमारी सरकार का संकल्प है कि आमजन को अपने छोटे-छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें बल्कि प्रशासन खुद चलकर उनके गांव तक आए। वहीं एसडीएम विजय राय ने आश्वासन दिया।

**कार्यक्रम में किए गए प्रमुख नवाचारः** मौके पर समस्याओं का समाधान राजस्व (नामांतरण, बंटवारा), राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और पेंशन संबंधी प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। स्वास्थ्य एवं कल्याण नवाचार- शिविर में ग्रामीणों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर दवाइयों का वितरण और आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य गति से किया गया। विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए डिजिटल व संवाद आधारित नवाचार किए गए।

# धार में मुख्य सचिव ने सुनी युवाओं और उद्योगपतियों की सफलता की कहानियां

**धार, समय जगत।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में यशस्वी संवाद एवं उद्यमी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने जिले के सफल उद्यमियों, उद्योगपतियों, प्रगतिशील किसानों, खिलाड़ियों और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के युवा अब सिर्फ रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और उद्योग के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सफल उद्यमियों की कहानियां दूसरे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे युवाओं और उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। सॉफ्टवेयर क्षेत्र में स्टार्टअप संचालित कर रहे प्रभांशु पंड्या ने युवाओं को रोजगार देने और विद्यार्थियों को एआई आधारित प्रशिक्षण देने की जानकारी दी। वहीं नेहा जायसवाल ने हथकरघा और




ब्लॉक प्रिंटिंग के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल बताई। उद्योगपति मुजीबुर्रहमान ने भी अपने उद्योग से जुड़े अनुभव और सुझाव मुख्य सचिव के सामने रखे। इसके अलावा प्रगतिशील किसानों ने पॉलीहाउस में गुलाब, ऑटोमेशन आधारित ब्लूबेरी खेती और पारंपरिक बीजों के संरक्षण से जुड़ी अपनी सफलता की जानकारी साझा की। मुख्य सचिव ने सभी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर तैयार हो रही सफलता की ये कहानियां आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की तस्वीर पेश करती हैं। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक परेशानियों को दूर करने और प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, उद्यमी, उद्योगपति, किसान, खिलाड़ी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सकल हिंदू समाज ने दिया ज्ञापन



**विदिशा, समय जगत।** सकल हिंदू समाज के के बैनर तले बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि कथा वाचक कमल किशोर नागर को पत्र के माध्यम से जान से मारने और परिवार को खत्म करने की धमकी दी गई है। इस मामले की जांच कर आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की गई। सकल हिंदू समाज के बैनर तले बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग विवेकानंद चौराहे पर एकत्रित हुए और यहां से भगवान श्री राम नाम का कीर्तन करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां पर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान कथा वाचक अंकित कृष्ण शास्त्री, संजय राज पुरोहित, सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रामराज दांगी, अतुल तिवारी, विजय दीक्षित ने बताया कि संत पं. कमल किशोर नागर धर्मांतरण एवं गौ–तस्करी जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जनजागरण एवं गौ–संरक्षण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहे हैं। कई लोगों को गुरुदेव ने पुन : हिन्दू धर्म में वापसी कराई है। उन्होंने कहा कि इसी क्षेत्र में प्रतिवर्ष धार्मिक एवं सामाजिक जनजागरण के बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। 4 सितंबर 2026 को आयोजित उक्त रात्रिकालीन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान की गई सामग्री, शाल एवं श्रीफल आदि के बीच एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र की भाषा एवं विषय वस्तु को देखते हुए मामला अत्यंत गंभीर एवं सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक प्रतीत होता है।

### गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को समय पर विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं, आवश्यक जांच एवं उचित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले में विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक आयोजित किए गए। अभियान के तहत आज 471 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर चिकित्सक एवं सीएचओ द्वारा क्षेत्र में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच के साथ ही सप्ताह के दौरान चिन्हित नई गर्भवती महिलाओं की भी जांच की गई। जांच के दौरान गर्भावस्था में संभावित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार, परामर्श एवं उचित स्वास्थ्य संस्थान पर रेफरल की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आगामी सप्ताह में संभावित प्रसव तिथि ईडीडी वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच भी की गई जिससे प्रसव के पूर्व आवश्यक तैयारियां एवं समय पर चिकित्सकीय सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। गर्भवती महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर पौष्टिक स्वल्पाहार, पृथक पंजीयन काउंटर, पर्याप्त बैठक व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था की गई।

### व्यापारी द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिया गया आवेदन

**कटनी।** चेक में कांट छांट और ओवरराइटिंग के बावजूद बैंक द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को भुगतान किए जाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर बैंक प्रबंधन और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। रघुनाथगंज निवासी और देवीदीन मंगल प्रसाद फर्म के पार्टनर राकेश कुमार कनकने ने बताया कि उनका तेल का व्यवसाय है। उन्होंने गोलबाजार स्थित ज्ञानचंद गुरुबक्श राय को 25 जार महाकोष तेल 38 हजार 25 रुपये में बेचे थे। इसके एवज में व्यापारी द्वारा 1 सितंबर की तिथि का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा कटनी का चेक क्रमांक 17094 दिया गया था। पीड़ित के अनुसार उनके मुनीम चंदन निषाद ने उक्त चेक को आईसीआईसीआई बैंक में भुगतान हेतु जमा कराया था लेकिन जब लंबे समय तक राशि खाते में नहीं आई, तो पीड़ित ने आईसीआईसीआई बैंक में संपर्क किया। बैंक जाने पर पता चला कि उक्त चेक का भुगतान किसी आमिर अंसारी के नाम पर कर दिया गया है।

# हड़ताल से बैंकिंग सेवा रही प्रभावित

**विदिशा, समय जगत।** जिले की सभी बैंकों के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर एक दिन की हड़ताल पर रहे। जिसके चलते जिलेभर की सभी बैंकें बंद रहीं और लोगों के लिए निकासी और जमा करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान जिलेभर में करीब 8 से 9 करोड़ रुपए का लेनदेन प्रभावित हुआ। बैंक कर्मचारियों की प्रमुख मांग पांच दिन बैंक खोलने और 2 दिन का अवकाश घोषित करने की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्णय भी पारित कर दिया गया है, लेकिन अभी तक उसको लागू नहीं किया गया है। जिसके विरोध में शुक्रवार को जिले की सभी बैंकें बंद रहीं और कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि एक दिन पहले प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर सरकार से नियम लागू करने की मांग की गई थी, लेकिन सरकार द्वारा बैंक कर्मचारियों की मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया इसलिए शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए जिले की सभी बैंकों में ताले लगे रहे और कर्मचारी हड़ताल पर रहे। सरकार




द्वारा शासकीय विभागों में 5 दिन वर्किंग डे लागू किया गया है, उसमें बैंकों को भी शामिल किया गया था, लेकिन सरकार द्वारा अब तक बैंक कर्मचारियों के लिए नियम लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बैंकों का कार्य 5 दिन कराया जाए, बाकी दो दिन का अवकाश कर्मचारियों को दिया जाए। कर्मचारियों का कहना था कि शुक्रवार की हड़ताल एक दिन की की गई थी, लेकिन अगर इसके बावजूद भी सरकार द्वारा जल्द नियम लागू नहीं किया गया तो 28, 29 एवं 30 सितंबर को फिर हड़ताल की जाएगी। इसके बावजूद भी अगर सरकार नहीं मानी तो आगे अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ की जाएगी। इसके साथ ही बैंकों की हड़ताल होने के कारण व्यापारियों और ग्रामीण क्षेत्रों सहित आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बैंक बंद होने से बैंकों में लेन देन नहीं हो पाया। कई लोग जिन्हें बैंकों की हड़ताल होने की जानकारी नहीं थी वह बैंक पहुंचे, लेकिन बैंक में ताला लगा होने से लोग मायूस होकर अपने घर लौट गए। लोगों का कहना था कि बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल की है, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। जिसके कारण से वह बैंक में पैसे निकालने के लिए आए थे और जरूरी काम के लिए पैसे निकालना थे, लेकिन बैंक बंद होने से वह मायूस दिखाई दिए। इसी प्रकार व्यापारियों द्वारा भी प्रतिदिन बैंकों से लेन देन और चेक के माध्यम से बड़े व्यापारियों के लिए भुगतान किया जाता है ऐसे में बैंक बंद होने के कारण व्यापारियों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनके भी चेक और लेन देन न होने से व्यापारी परेशान दिखाई दिए।

**इनका कहना है**

राष्ट्र व्यापी आव्हान पर जिले के सभी बैंक कर्मचारियों द्वारा एक दिन की हड़ताल की गई थी। कर्मचारियों का 5 दिन वर्किंग नियम लागू करने की मांग की गई है। इस दौरान जिले भर में करीब 8 से 9 करोड़ रुपए का लेनदेन प्रभावित हुआ है। 28, 29 एवं 30 सितंबर को भी कर्मचारियों द्वारा हड़ताल की जाएगी।

**– भगवान सिंह बघेल, लीड बैंक अधिकारी विदिशा**

# अति वृष्टि से हुई किसानों की फसल चौपट कांग्रेस नेता पहुंचे किसानों के खेतों पर



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना अतिवृष्टि से किसानों की फसल नष्ट हुई है लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा किसानों की फसल का सर्व नहीं किया गया है और ना ही किसी प्रकार का मुआवजा दिया गया है। उक्त मामले को लेकर को कांग्रेस पार्टी द्वारा किसानों के खेतों पर पहुंचकर किसानों को आश्वासन दिया कि आपकी लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ेगी तथा आपको हर संभव सहायता दिलाने का काम करेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता मार्तंड देव बुंदेला विक्की राजा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पन्ना जिले में किसानों की फसलों का निरीक्षण एवं पीड़ित किसानों से मुलाकात की एवं हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन देते हुए शासन प्रशासन से मांग करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को पीड़ा का चिंतन करना होगा, सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा अति शीघ्र प्रदान किया जाए ताकि कृषकों को मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि सरकार किसानों की मदद के लिए खड़ी नजर नहीं आएगी तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कदीर खान आदिवासी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी सचिव नाथू पटेल जमीदार मुकेश दुबे दयाराम पटेल राजेंद्र पटेल जानकी मिश्रा अरविंद मिश्रा बेटा लाल पटेल अरविंद पटेल सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# लवकुश जयंती पर कुशवाह समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन

**समय जगत, सिरोंज।** कुशवाह समाज द्वारा लवकुश जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। लवकुश जयंती मुख्य रूप से 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन थी, परंतु सिरोंज में इस शोभायात्रा का आयोजन गत दिवस किया गया। इस कार्यक्रम में सिरोंज और लटेरी के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। कुशवाह समाज के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह और विदिशा जिले के अध्यक्ष मनोज कुशवाह इस शोभायात्रा में विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके साथ अशोकनगर, आरोन, कुरवाई, ग्यारसपुर, नटेरन और लटेरी तहसीलों के कुशवाह समाज के अध्यक्ष भी शामिल हुए। शोभायात्रा का मार्ग- यह यात्रा छत्री नाका से प्रारंभ हुई और कस्टम, बढ़ चौराहा, कठारी, सराफा बाजार, कपड़ा बाजार, चांदनी चौक, राज बाजार, नगरपालिका तथा नए बस स्टैंड से होते हुए गुजरी। शाम करीब 6



बजे कृषि मंडी प्रांगण में स्थित बिजासन मंदिर पर शोभायात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा फूलों की बारिश कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य आकर्षण और प्रस्तुतियां- जुलूस में दो डीजे और ढोल-ताशों पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया, जबकि हनुमान जी का चित्र लिए एक समूह ने अखाड़े में लाठी, बरेंटी, फरसा और भालों का शानदार प्रदर्शन किया। यात्रा में सबसे आगे चल रही टीम ने देसी ढपले, मंजीरे, ढोलक और झांझर की धुन पर छड़ी पकड़कर पारंपरिक लेंहगी लोक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों ने भी हिस्सा लिया। शोभायात्रा के सबसे पीछे चल रही लवकुश की नृत्य झांकी में कलाकारों ने राम भजन पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबका ध्यान आकर्षित किया।

# समय सीमा में आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर 13 अफसरों पर की गई सख्ती

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना कलेक्टर एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गारंटी ऊषा परमार द्वारा म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत समय सीमा में नागरिक सेवाओं का लाभ प्रदान न करने एवं आवेदनों का समय सीमा पर निराकरण नहीं करने पर 13 अधिकारियों पर कुल 23 हजार 500 रूपए की शास्ति अधिरोपित करने की कार्रवाई की है। पूर्व में सभी संबंधित पदाभिहित अधिकारियों को समय सीमा बाह्य लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी नियमित रूप से सूचित किया गया था। इसके बावजूद अधिनियम की धारा 5(2) के स्पष्ट उल्लंघन पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित कर भविष्य में लापरवाही की स्थिति में अनुशासनात्मक




कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। संबंधित अधिकारियों के आगामी वेतन से शास्ति की राशि वसूल की जाएगी। तहसीलदार अजयगढ़ सुरेन्द्र कुमार अहिरवार सहित तहसीलदार शाहनगर कोमल सिंह, नायब तहसीलदार हरदुआ पटेल तहसील रैपुरा रामनरेश सोनी, नायब तहसीलदार सुनवानीकलां आशीष कुमार रूसिया, सचिव ग्राम पंचायत मगरपुरा पवई रामकृपाल सिंह राठौर, सचिव ग्राम पंचायत गौरा पन्ना अमीन खान, सचिव ग्राम पंचायत हिनौती गुनौर शैलेश कुमार रावत, सचिव ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर पन्ना नवीन कुमार जैन पर एक-एक प्रकरण में 500-500 रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। इसी तरह तहसीलदार पवई रत्नराशि पाण्डेय, सचिव ग्राम पंचायत डडवरिया पन्ना पर दो-दो लंबित प्रकरणों में एक-एक हजार रूपए, तहसीलदार गुनौर संतोष कुमार अरिहा पर आठ प्रकरण में चार हजार रूपए, बाल विकास परियोजना अधिकारी पवई श्रृद्धा श्रीवास्तव पर 10 प्रकरणों में पांच हजार रूपए तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहनगर रागिनी तिवारी द्वारा 17 प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर 8500 रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

# अल्फर्टगंज में अतिक्रमण एवं अस्वच्छता के खिलाफ नगर निगम की सख्त कार्रवाई

**समय जगत, कटनी।** शहर में स्वच्छ, व्यवस्थित एवं अतिक्रमणमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा अतिक्रमण एवं अस्वच्छता के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम के अतिक्रमण एवं स्वच्छता अमले द्वारा बी.डी अग्रवाल वार्ड अंतर्गत अल्फर्टगंज क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यवसायियों पर कार्रवाई की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण एवं नियमों के उल्लंघन के मामले में 2 कबाड़ दुकानों को सील किया गया। वहीं सार्वजनिक स्थान पर अस्वच्छता फैलाने एवं स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने के मामले में एक व्यवसायी पर 5,000 का अर्थदंड लगाया गया। नगर निगम



अमले द्वारा कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यवसायियों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी गई कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए तथा दुकान एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना भी सुनिश्चित करें। निगम अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों को बाधित करने अथवा गंदगी फैलाने से नागरिकों को असुविधा होती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह द्वारा स्पष्ट किया गया कि शहर में सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमणमुक्त, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। व्यवसायियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे नगर निगम के स्वच्छता एवं अतिक्रमण संबंधी नियमों का पालन करें तथा शहर की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने में निगम का सहयोग करें। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री सिंह, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह एवं स्वच्छता निरीक्षक निशांत कन्नौजिया सहित नगर निगम का अमला उपस्थित रहा।

# वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में कार्रवाई

## तार के फंदे ने ली तेंदुए की जान, 24 घंटे में शिकारी हुए गिरफ्तार

**समय जगत, कटनी।** रीठी वन परिक्षेत्र के देवरी-पटोहा तालाब के जंगल में तार के फंदे में फंसकर तेंदुए की मौत के मामले में वन विभाग ने तेजी से कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार देवरी-पटोहा तालाब के जंगल से लगे एक किसान के खेत के पास करीब 3 से 4 वर्ष उम्र के नर तेंदुए का शव मिला था। तेंदुए के मृत मिलने की सूचना पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि जंगली सूअर और हिरण के शिकार के लिए खेत के आसपास तार का फंदा लगाया गया था। इसी फंदे की चपेट में तेंदुआ आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना



को गंभीरता से लेते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित की। टीम ने घटनास्थल से मिले सुरागों और पूछताछ के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। लगातार जांच और पूछताछ के बाद टीम ने दो आरोपियों को चिह्नित कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# स्वामित्व योजना के पंजीयन की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**धार, समय जगत ।** ग्रामीण आबादी क्षेत्रों के नागरिकों को संपत्ति का वैधानिक मालिकाना हक दिलाने के लिए स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना- जिले में लागू की जा रही है। योजना के तहत अधिकार अभिलेखों का निष्पादन एवं पंजीयन हितग्राहियों के लिए निःशुल्क होगा। योजना का क्रियान्वयन 17 सितंबर से प्रारंभ होगा। पंजीयन प्रक्रिया की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर राजीव रंजन मीना ग्राम पंचायत उटावद में आयोजित प्री-कैंप में पहुंचे। उन्होंने मौके पर पंजीयन की प्रक्रिया को समझा और अधिकारियों से तकनीकी एवं व्यावहारिक दिक्कतों की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पंजीयन शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि हितग्राहियों को परेशानी न हो। इस दौरान अपर कलेक्टर संजीव केशव पाण्डेय,डिप्टी कलेक्टर पंकज परमार तहसीलदार दिनेश उइके, माला राय एवं नायब तहसीलदार आशीष राठौर, अनीता बरैठा एवं मेघा पंवार सहित राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**ड्रोन सर्वे से तैयार हुए अभिलेखः** स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रोन सर्वे एवं डिजिटल मानचित्रण के माध्यम से भू-खण्डों के अधिकार अभिलेख तैयार किए गए हैं। इनका पंजीयन होने के बाद ग्रामीणों को संपत्ति का कानूनी एवं पंजीकृत मालिकाना हक मिलेगा। हितग्राही एमपीई-सेवा एप के माध्यम से घर बैठे आवेदन कर सकेंगे। आवेदन का सत्यापन पटवारी द्वारा सारा एप से किया जाएगा, जबकि पंजीयन तहसीलदार द्वारा संपदा एप के माध्यम से किया जाएगा। पंजीयन में लगने वाला स्टाम्प शुल्क एवं अन्य शुल्क शासन द्वारा वहन किया जाएगा। कलेक्टर ने योजना के स्वयं पंजीयन को बढ़ावा देने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# गणेश उत्सव एवं नवरात्रि पर्व पर केवल मिट्टी की प्रतिमाओं का होगा निर्माण एवं उपयोग




**झाबुआ।** गणेश उत्सव एवं नवरात्रि पर्व के दौरान जलस्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने, जनस्वास्थ्य एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत सम्पूर्ण झाबुआ जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशानुसार जारी आदेश में गणेश चतुर्थी एवं नवरात्रि पर्व के दौरान केवल मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं के निर्माण, क्रय-विक्रय एवं उपयोग की अनुमति रहेगी। जिले में प्लास्टर ऑफ पेरिस, प्लास्टिक, थर्माकोल एवं रासायनिक रंगों से निर्मित प्रतिमाओं का निर्माण, क्रय-विक्रय एवं उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी मूर्तिकारों, विक्रेताओं, सामाजिक संस्थाओं एवं आम नागरिकों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगरपालिका परिषद, नगर परिषद, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों को अपने-अपने क्षेत्रों में आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# सनातन आस्था और स्वाभिमान की रक्षा के लिए दिग्विजय सिंह की यात्रा ऐतिहासिक पहल : पंकज जैन

## सनातन स्वाभिमान यात्राः सत्य, पारदर्शिता और आस्था के सम्मान की आवाज बने—यही समय की है आवश्यकता



**विदिशा, समय जगत।** प्रभु श्रीराम करोड़ों सनातनियों की आस्था, श्रद्धा और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे एवं दान की राशि में कथित चोरी की खबरों ने देशभर के श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है। ऐसे संवेदनशील विषय पर आवाज उठाना प्रत्येक जागरूक नागरिक का नैतिक दायित्व है। इसी भावना के साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा विजयादशमी के पावन अवसर पर 20 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जाने वाली सनातन स्वाभिमान यात्रा एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पंकज जैन ने यात्रा का समर्थन करते हुए कहा कि यह यात्रा किसी राजनीतिक विवाद को जन्म देने के लिए नहीं, बल्कि सनातन आस्था से जुड़े गंभीर सवालों को समाज और सरकार के सामने मजबूती से रखने का प्रयास है। प्रभु श्रीराम के नाम पर देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और विश्वास के साथ अपना योगदान दिया है। ऐसे में मंदिर की व्यवस्था, चढ़ावे और श्रद्धालुओं के धन से जुड़े प्रत्येक सवाल का पारदर्शी एवं निष्पक्ष जवाब मिलना आवश्यक है। पंकज जैन ने कहा कि सनातन धर्म सदैव सत्य, न्याय, मर्यादा और पारदर्शिता का संदेश देता आया है। भगवान श्रीराम स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में सत्य और न्याय के प्रतीक हैं। इसलिए श्रीराम मंदिर से जुड़े किसी भी विषय में यदि श्रद्धालुओं की आस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है, तो उसकी निष्पक्ष जांच और वास्तविकता सामने आना जरूरी है। सनातन की शक्ति उसकी व्यापकता, सहिष्णुता और सत्य के प्रति प्रतिबद्धता में है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जा रही यह यात्रा सनातन समाज की भावनाओं और स्वाभिमान की आवाज को उजागर करने का शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माध्यम बनेगी। यात्रा के माध्यम से देश के सामने यह संदेश जाएगा कि आस्था के नाम पर राजनीति नहीं, बल्कि आस्था के प्रति जवाबदेही और सम्मान जरूरी है। पंकज जैन ने कहा कि विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। ऐसे पावन अवसर पर उज्जैन से अयोध्या तक सनातन स्वाभिमान यात्रा का शुभारंभ अपने आप में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने सनातन समाज, कांग्रेसजनों और सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की कि वे यात्रा के उद्देश्य को समझें और सत्य, न्याय, पारदर्शिता एवं सनातन मूल्यों की रक्षा के इस प्रयास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम किसी एक दल या व्यक्ति की संपत्ति नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था के केंद्र हैं। इसलिए राम मंदिर और उससे जुड़ी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता की मांग को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय श्रद्धालुओं की भावना के रूप में देखा जाना चाहिए।

### 50 हजार की सुपारी, किराए की टोयोटा पर मिट्टी पोतकर आए आरोपी

# नजीराबाद पुलिस का बड़ा खुलासा, रुनाहा में हत्या की कोशिश मामले का किया तत्परतापूर्वक खुलासा



**समय जगत, बैरसिया।** भोपाल देहात के नजीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रुनाहा क्षेत्र में पिछले दिनों हुई सनसनीखेज और हत्या के प्रयास की वारदात ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी थी। लेकिन नजीराबाद पुलिस ने महज 72 घंटे के भीतर इस ब्लाइंड केस का सनसनीखेज खुलासा कर 5 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है, जबकि इस खौफनाक साजिश का मास्टरमाइंड सहित एक आरोपी अभी भी फरार हैं।

**बागसी रोड पर रास्ता पूछने के बहाने लोहे की रॉड से किया हमलाः** दरअसल, फरियादी इन्दर सिंह गुर्जर (55 वर्ष) निवासी बिजावनखुर्द थाना नजीराबाद ने 8 सितंबर 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी मोटर साइकिल से ग्राम रुनाहा से अपने गांव बिजावनखुर्द (रतनपुर) लौट रहा था। तभी बागसी रोड पर एक सफेद रंग की संदिग्ध कार में सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उसे रोका। एक बदमाश कार से उतरकर नरसिंहगढ़ का रास्ता पूछने लगा और देखते ही देखते चारों ने कार से उतरकर लोहे की रॉड से जान से मारने की नियत से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में इन्दर सिंह के हाथ-पैरों में कई जगह गंभीर फैक्चर आए और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने अप. क्र. 227/2026 धारा 109(1), 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

**एसपी के निर्देश पर 4 टीमें, 100 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालेः** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देहात भोपाल पंकज कुमार पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सोनकर और एसडीओपी बैरसिया सुश्री वैशाली सिंह कराहलिया ने थाना प्रभारी नजीराबाद निरीक्षक सहवाज खान के नेतृत्व में 4 अलग-अलग टीमें गठित कीं।टीमों ने घटनास्थल के आस-पास के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। सायबर शाखा (देहात) भोपाल की मदद से तकनीकी साक्ष्यों की बारीकी से जांच की गई और आस-पास के लोगों से सघन पूछताछ की गई। पुलिस ने आरोपियों पर 3000 रुपये का इनाम भी घोषित किया था। इसी मेहनत का नतीजा रहा कि पुलिस ने सफेद टोयोटा कार की नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाकर भोपाल से वारदात को अंजाम देने आए बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में जो कहानी सामने आई वह चौंकाने वाली है। आरोपी हाकम सिंह गुर्जर (32) जगमेरी ने बताया कि इन्दर सिंह गुर्जर को तीन साल पहले एक प्लॉट बेचा था। बावजूद इसके इन्दर सिंह वही पुरानी रसीद दिखाकर दोबारा प्लॉट देने की अड़ीबाजी कर रहा था। इसी रंजिश में उसने एवं ग्राम रुनाहा के पंचायत सचिव जितेन्द्र श्रीवास्तव (42) ने मिलकर खौफनाक साजिश रची।






स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com